RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 105 , शुक्रवार, 29 मई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com




पूर्वी चम्पारण में हर्षोल्लास व अकीदत के साथ मनाया गया ईदुल अज़्हा का पर्व 03


सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली को लेकर आष्टयाम शुरू 04

छोटी सी गलती की भी गुंजाइश नहीं हैदराबादी लहजा सीखने के लिए... 07

संक्षिप्त समाचार

## आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नहीं हो सकते दोहरे मापदंड

● अजित डोभाल की दो टूक,वैश्विक संस्थाओं में सुधार पर जोर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने गुरुवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड नहीं हो सकते। उन्होंने मॉस्को में पहले अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा फोरम और सुरक्षा मामलों के लिए उच्च प्रतिनिधियों की 14वीं बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, डोभाल ने 28 मई को सर्गेई शोइगु द्वारा आयोजित बैठक में हिस्सा लिया। इस फोरम का मुख्य विषय बहुध्रुवीय विश्व के उदय



के संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष चुनौतियां और खतरे था। सभा को संबोधित करते हुए डोभाल ने कहा कि जिम्मेदार देशों को यह साफ फैसला करना होगा कि वे आतंकवाद के प्रायोजकों का समर्थन करते हैं या फिर निर्णायक कार्रवाई से उनका मुकाबला करते हैं। एनएसए ने कहा,आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड नहीं हो सकते और साथ ही आतंकवाद के ख़तरों से निपटने के लिए एक एकजुट वैश्विक प्रतिक्रिया की जरूरत पर जोर दिया। डोभाल ने 1945 में दूसरे विश्व युद्ध के बाद स्थापित वैश्विक संस्थाओं और ढांचों में तत्काल सुधार की जरूरत पर भी जोर दिया, और कहा कि उन्हें आज की अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में ज्यादा असरदार बनाया जाना चाहिए।

## मुझ पर हमले से आपके अपराध कम नहीं होंगे

● सीबीएसई विवाद को लेकर धर्मेंद्र प्रधान पर बरसे राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीट परीक्षा परिणाम और कॉन्ट्रैक्ट को लेकर शुरू हुआ विवाद अब सियासी टकराव में बदलता जा रहा है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर सीधा हमला बोलते हुए सरकार से कई सवाल पूछे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि 18.5 लाख छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया गया और सरकार जवाब देने से बच रही है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि



धर्मेंद्र प्रधान जी, आप मुझ पर जितने चाहे हमले कर लें, लेकिन इससे आपके अपराध कम नहीं होंगे। न ही इससे 18.5 लाख बच्चों के लिए जवाब मांगना बंद होगा। उन्होंने पूछा कि आखिर नीट का कॉन्ट्रैक्ट कंपनी को क्यों दिया गया, जबकि यह कंपनी अपने पुराने नाम के तहत पहले भी विवादों में रह चुकी है। राहुल गांधी ने यह भी सवाल उठाया कि क्या कंपनी की बैकग्राउंड जांच हुई थी और अगर हुई थी तो फिर कॉन्ट्रैक्ट क्यों दिया गया। इस पूरे विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि एनटीए पहले ही इस मामले पर अपना पक्ष रख चुका है और पूरी प्रक्रिया भारत सरकार की खरीद नीति के तहत हुई है।

# लक्षद्वीप में अब समुद्र पर उतरेगा विमान !

● मालदीव जैसी लग्जरी टूरिज्म की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीले समंदर, सफेद रेत और क्रिस्टल जैसी साफ लैगून के बीच अब विमान उतरते दिखाई दे सकते हैं। भारत का खूबसूरत द्वीपीय क्षेत्र लक्षद्वीप जल्द ही मालदीव की तर्ज पर सीप्लेन टूरिज्म का नया हब बनने जा रहा है। केंद्र सरकार ने द्वीपसमूह में सीप्लेन सेवा शुरू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। खबर के मुताबिक, पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति ने 6 द्वीपों पर वाटर एयरोड्रम परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी देने की सिफारिश की है। अगर अंतिम मंजूरी मिल जाती है तो पर्यटक सीधे समुद्र के बीच बने लैगून में उतर सकेंगे और लक्षद्वीप का पर्यटन पूरी तरह बदल जाएगा। भारत के सबसे खूबसूरत द्वीपीय क्षेत्रों में शामिल लक्षद्वीप अब पर्यटन के नए दौर में प्रवेश करने जा रहा है।

### कोच्चि से जुड़ेगा पूरा द्वीपसमूह

प्रस्तावित सीप्लेन नेटवर्क के तहत कोच्चि को कवारत्ती, कल्पेनी, किल्तान, कदमत, मिनिकॉय और अगत्ती द्वीपों से जोड़ा जाएगा। अभी तक लक्षद्वीप पहुंचने के लिए पर्यटकों को सीमित उड़ानों या लंबी समुद्री यात्रा पर निर्भर रहना पड़ता है, लेकिन सीप्लेन सेवा शुरू होने के बाद द्वीपों के बीच सफर बेहद आसान और तेज हो जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि इससे लक्षद्वीप और मजबूती से उभरेगा।



### पहली ट्रायल फ्लाइट ने बढ़ाया उत्साह

दरअसल, इस योजना की नींव पहले ही रखी जा चुकी है। 13 मई को कोच्चि और लक्षद्वीप के बीच पहली बार सफल सीप्लेन ट्रायल उड़ान का संचालन किया गया था। एच 6-400 ट्विन ऑटर विमान पहले अगत्ती पहुंचा और बाद में कवारत्ती के लैगून में सफलतापूर्वक उतरा। इसे लक्षद्वीप के परिवहन इतिहास का ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है। इन वाटर एयरोड्रम को पारंपरिक एयरपोर्ट की तरह विकसित नहीं किया जाएगा। यहां छोटे यात्री टर्मिनल, फ्लोटिंग वॉकवे और सीप्लेन डॉकिंग सुविधाएं बनाई जाएंगी, ताकि समुद्र के भीतर सुरक्षित संचालन किया जा सके। अधिकारियों का कहना है कि यह मॉडल पर्यावरण के अनुकूल और पर्यटन केंद्रित होगा।

भीषण गर्मी

# 'प्रचंड लू' से तप रहा देश


● अगले पांच साल होंगे और खतरनाक,यूएन की डराने वाली रिपोर्ट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने जलवायु परिवर्तन की एक नई चेतावनी जारी की है कि भारत और दुनिया के लिए जलवायु परिवर्तन का सबसे बुरा दौर अभी आना बाकी है। एजेंसी के अनुसार, साल 2026 से 2030 के बीच वैश्विक तापमान के सुरक्षित सीमा (1.5 डिग्री सेल्सियस) को पार करने की 75 फीसदी संभावना है। इस वैश्विक संकट का असर साफ तौर पर भारत में दिख रहा है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में पारा 48.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इसके अलावा उत्तर व मध्य भारत के बड़े हिस्से भीषण लू की चपेट में हैं। इस बीच भारतीय मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के दौरान उत्तर भारत में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी करते हुए किसानों को फसलों की सुरक्षा करने की सलाह दी है। एजेंसी ने अगले पांच साल तक की चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यूरोप, भारत और अन्य जगहों पर कोयला, तेल और गैस जलाने से यह हुआ है।

### 80-90 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

मौसम विभाग ने 29 मई को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 80-90 किमी की रफ्तार से हवाएं चलने और 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंके आने के साथ तूफान आने का अनुमान है। 28 और 29 मई को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि होने की संभावना है। इन दोनों दिनों उत्तर प्रदेश और राजस्थान में धूल भरी आंधी चलने का भी अनुमान है।



### आईएमडी ने जारी किया गर्मी का अलर्ट

भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि पूर्वी मध्य प्रदेश और विदर्भ के कुछ स्थानों पर भीषण गर्मी पड़ने की प्रबल संभावना है। साथ ही पश्चिम राजस्थान में भी भीषण गर्मी का प्रकोप रहेगा, जहां श्रीगंगानगर में देश का अब तक का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 48.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, 28 से 30 मई के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में लू चलने की बहुत अधिक संभावना है। वहीं देश के कुछ हिस्सों आंधी-पानी होने से 28 से 30 मई के बीच उत्तर-पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान में 6-8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। 31 से 2 जून के बीच तापमान में गिरावट होगी।

## ट्विशा शर्मा की सास गिरिबाला सिंह गिरफ्तार

सीबीआई ने छह घंटे की पूछताछ के बाद की गिरफ्तारी

**भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के चर्चित ट्विशा शर्मा मौत मामले में सीबीआई ने उसकी सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई के अधिकारी गुरुवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे उनके घर पहुंचे थे। तभी से गिरिबाला से पूछताछ की जा रही थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, गिरिबाला को शाम 5 बजकर 10 मिनट पर गिरफ्तार किया गया। सीबीआई टीम गिरिबाला को मेडिकल चेकअप के लिए अस्पताल ले गई। मौके पर मौजूद बाग सेवनिया थाने के टीआई अमित सोनी ने कहा कि गिरिबाला को कल कोर्ट में पेश किया जाएगा।



### हाई इंटेंसिटी कैमरे से घर की रिकॉर्डिंग की

जांच के दौरान सीबीआई ने गिरिबाला सिंह के घर में हाई इंटेंसिटी 3डी कैमरा लगाकर पूरे परिसर की 360 डिग्री रिकॉर्डिंग की। आसपास की लोकेशन भी स्कैन की गई, ताकि यह पता लगाया जा सके कि घटनास्थल किसी पड़ोसी मकान की छत या बालकनी से दिखाई देता है या नहीं। इससे पहले मामले में आरोपी बनाए गए ट्विशा के पति समर्थ सिंह को अदालत में पेश करने के बाद सीबीआई ने अपनी हिरासत में ले लिया है। कोर्ट ने उसे 29 मई तक सीबीआई रिमांड पर भेजा है। इसके बाद एजेंसी उससे लगातार पूछताछ कर रही है। 12 मई की रात ट्विशा की मौत हुई थी।

# सिद्धारमैया ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

● कर्नाटक में अब डीके शिवकुमार होंगे नए बॉस



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने लोकभवन जाकर अपना इस्तीफा सौंपा। कर्नाटक के राज्यपाल के विशेष सचिव, प्रभु शंकर ने कहाकि मैंने सिद्धारमैया का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा प्राप्त किया है। लेकिन वापस आने के बाद राज्यपाल ही इसे स्वीकार करेंगे। बताया जाता है कि राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मध्य प्रदेश के नागदा स्थित अपने गृह नगर गए हुए हैं। इससे पहले, सिद्धारमैया ने अपने आवास पर जलपान के दौरान हुई बैठक में मंत्रिमंडल के सहयोगियों को पद छोड़ने के अपने फैसले से अवगत कराया था। कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों के अनुसार डीके शिवकुमार उनके उत्तराधिकारी होंगे। इस्तीफा देने के बाद सिद्धारमैया ने प्रेस कांफ्रेस को संबोधित किया। उन्होंने कहाकि मैंने अपना इस्तीफा राज्यपाल के सचिव को सौंप दिया है। उन्होने कहाकि मैंने हाईकमान के निर्देशों का पालन किया है। मुझसे इस्तीफा देने के लिए कहा गया था।

● 91 साल की उम्र में ली अंतिम सांस, लंबे समय से याददास्त से पीड़ित थे

# नहीं रहे गजल के उस्ताद डॉ. बशीर बद्र

**भोपाल (एजेंसी)।** उर्दू अदब की दुनिया गुरुवार को उस वक्त गहरे सन्नाटे में डूब गई, जब मोहब्बत, तन्हाई और जिंदगी को अपनी गजलों में नई आवाज देने वाले मशहूर शायर पद्मश्री डॉ. बशीर बद्र ने हमेशा के लिए दुनिया को अलविदा कह दिया। बकरीद के दिन 91 वर्ष की उम्र में उन्होंने भोपाल के ईदगाह



हिल्स स्थित अपने निवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से साहित्य जगत, कला प्रेमियों और देश-दुनिया में फैले लाखों प्रशंसकों में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. बशीर बद्र लंबे समय से डिमेंशिया (स्मृतिलोप) बीमारियों से जूझ रहे थे।


### रचनाओं में झलकती थी सादगी

अपनी नफासत भरी शायरी और बेहद सरल अंदाज के कारण बशीर बद्र ने गजल को सिर्फ साहित्यिक मंचों तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि आम लोगों की जिंदगी का हिस्सा बना दिया। उनकी गजलों में रिश्तों की गर्माहट, बिछड़ने का दर्द, अकेलेपन की टीस और जिंदगी की सादगी बेहद खूबसूरती से झलकती थी।

### अनेक गजल संग्रह प्रकाशित

डॉ. बशीर बद्र के हिंदी में एक दर्जन से अधिक गजल संग्रह प्रकाशित हुए, जबकि उर्दू में उनके सात चर्चित संग्रह साहित्य जगत की अमूल्य धरोहर माने जाते हैं। उनकी कई मशहूर पंक्तियां आज भी लोगों की यादों में जिंदा हैं और नई पीढ़ी के शायरों के लिए प्रेरणा बनी हुई हैं। उनके निधन पर देशभर के साहित्यकारों, शायरों और सांस्कृतिक जगत से जुड़े लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। परिवार में उनके बेटे तैयब और पत्नी डॉ. राहत हैं।

# एयरपोर्ट के रनवे से हटेगी 136 साल पुरानी मस्जिद!



● ईद के बाद तत्काल ऐक्शन की तैयारी में शुभेंदु सरकार

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट के भीतर मौजूद एक ऐतिहासिक मस्जिद को दूसरी जगह शिफ्ट करने की कवायद ने फिर से जोर पकड़ लिया है। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद, पिछले तीन दशकों से लंबित इस मसले को सुलझाने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी और राज्य प्रशासन एक्शन मोड में हैं। हालांकि, मस्जिद कमेटी और प्रशासन के बीच हुई हालिया उच्च-स्तरीय बैठक में यह तय किया गया है कि इस ईद-उल-अजहा (बकरीद) तक कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी। ईद के बाद इस संवेदनशील मुद्दे के स्थायी समाधान के लिए आगे की चर्चा होगी।



● **विमानों की सुरक्षा के लिए जरूरी है यह कदम-** एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, रनवे के इतने करीब मस्जिद का होना फ्लाइट ऑपरेशंस के लिए एक बड़ा सेफ्टी हैजर्ड (सुरक्षा जोखिम) है। इसके कई मुख्य निम्नलिखित हैं। रनवे का इस्तेमाल: मस्जिद की मौजूदगी के कारण सेकेंडरी रनवे के टचडाउन पॉइंट को 88 मीटर दक्षिण की ओर खिसकाना पड़ा था। बड़े विमानों की लैंडिंग में बाधा: बचे हुए रनवे पर एयरबस ए 320 जैसे छोटे या नैरो-बॉडी विमान तो उतर सकते हैं, लेकिन बोइंग 787 और एयरबस ए 330 जैसे चौड़ी बॉडी वाले विमानों के संचालन में भारी दिक्कतें आती हैं। सर्दियों में घने कोहरे के दौरान विमानों की सुरक्षित लैंडिंग के लिए इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की जरूरत होती है।

### 30 साल से अटका था यह मामला

गौरीपुर जामे मस्जिद (जिसे बांकड़ा मस्जिद के नाम से भी जाना जाता है) लगभग 136 साल पुरानी है। यह एयरपोर्ट के सेकेंडरी रनवे से महज 165 मीटर की दूरी पर है और बाउंड्री वॉल के 150 मीटर भीतर स्थित है। विमानन नियमों के अनुसार, रनवे और किसी भी निर्माण के बीच न्यूनतम 240 मीटर की सुरक्षित दूरी होना अनिवार्य है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 1995 में तत्कालीन मुख्यमंत्री ज्योति बसु से लेकर बुद्धदेब भट्टाचार्य और हाल ही में ममता बनर्जी के कार्यकाल तक, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बार-बार सुरक्षा कारणों से इसे हटाने की मांग की थी लेकिन कोई हटा नहीं पाया है।

### प्रशासन और मस्जिद कमेटी के बीच हुई बातचीत

हाल ही में उत्तर 24 परगना के डीएम ऑफिस में राज्य प्रशासन, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और मस्जिद कमेटी के प्रतिनिधियों के बीच कई दौर की वार्ता हुई। इस बैठक में जमीयत उलेमा-ए-हिंद (पश्चिम बंगाल) के अध्यक्ष और पूर्व विधायक सिद्दीकुल्ला चौधरी भी शामिल हुए थे। एयरपोर्ट अधिकारियों ने कमेटी के सामने फ्लाइट ऑपरेशन की दिक्कतें और सुरक्षा जोखिमों का पूरा ब्यौरा रखा। मस्जिद कमेटी के सदस्य अबुल कलाम का कहना है, हम एयरपोर्ट के संचालन में कोई बाधा नहीं डालना चाहते। अधिकारियों ने हमें एयरपोर्ट के बाहर एक बड़ी मस्जिद बनाकर देने का भी प्रस्ताव दिया है। लेकिन मस्जिद को शिफ्ट करने का फैसला लेना हमारे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। कमेटी ने प्रशासन को सुझाव दिया है कि वे दारुल उलूम देवबंद, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जमीयत उलेमा-ए-हिंद संगठनों से इस विषय पर चर्चा करें।

## अब फ्रांस जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी, ट्रंप से होगी मुलाकात !

*फ्रांस में जी-7 समिट और वैश्विक मुद्दों पर होगा मंथन*



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने यानी जून में फ्रांस और स्लोवाकिया के बेहद अहम दौरे पर जा रहे हैं। भारत और यूरोप के बीच लगातार मजबूत होते रणनीतिक और व्यापारिक रिश्तों की दिशा में यह कदम काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अपने इस दौरे में पीएम मोदी जहां फ्रांस में होने वाले 52वें जी 7 शिखर सम्मेलन में दुनिया के शीर्ष नेताओं के साथ वैश्विक मुद्दों पर मंथन करेंगे, वहीं स्लोवाकिया पहुंचकर एक नया इतिहास भी रचेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के विशेष आमंत्रण पर पीएम मोदी जी7 शिखर सम्मेलन में बतौर आउटरीच पार्टनर शामिल होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हाजीपुर सदर अस्पताल की व्यवस्था पर उठे सवाल, दिव्यांग संघ अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के हाजीपुर सदर अस्पताल में लगातार मिल रही लापरवाही और अव्यवस्था की शिकायतों के बाद दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष पप्पू कुमार ने गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों का दौरा कर भर्ती मरीजों से बातचीत की और स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पप्पू कुमार ने मरीजों से उनकी समस्याओं के बारे में खुलकर बताने को कहा। उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान कई मरीजों ने अस्पताल की व्यवस्था को लेकर अपनी परेशानियां साझा कीं। मीडिया से बातचीत करते हुए दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष ने हाजीपुर सदर अस्पताल की व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में कई स्तर पर सुधार की आवश्यकता है। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन से भी बातचीत की गई है, जिस पर प्रबंधक ने जल्द ही व्यवस्था बेहतर करने का आश्वासन दिया है। पप्पू कुमार ने जोर देकर कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलना उनका अधिकार है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से इस दिशा में गंभीरता से काम करने का आग्रह किया।

### पानापुर में मिली सरकारी दवाएं और सर्जिकल सामग्री, वैशाली डीएम ने उच्चस्तरीय जांच के दिए आदेश

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के राजापाकर प्रखंड के पानापुर क्षेत्र में भारी मात्रा में सरकारी दवाएं और सर्जिकल सामग्री फेंके जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन हरकत में आ गया। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर महुआ अनुमंडल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पानापुर गांव के चंवर क्षेत्र में एक गड्ढे से बड़ी संख्या में सरकारी दवाएं, इंजेक्शन, सर्जिकल उपकरण और अन्य चिकित्सा सामग्री बरामद की गई। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई दवाओं की एक्सपायरी डेट अभी बाकी है। ये दवाएं वर्ष 2027, 2028 और 2029 तक उपयोग योग्य थीं। इससे सरकारी संसाधनों के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग या अनियमित निकासी की आशंका गहरा गई है। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि बरामद कुछ दवाएं वैशाली जिले के लिए आवंटित नहीं लगती हैं। घटनास्थल से मिले एक बोरे पर "मुजफ्फरपुर" लिखा पाया गया है, जिससे यह संदेह है कि यह मामला किसी मेडिकल कॉलेज या बड़े स्वास्थ्य संस्थान की आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ा हो सकता है। मौके से यूरो बैग, मिडाजोलम, जोल्मिट्रिप्टन, पाइरिडोक्सिन सहित कई प्रकार की दवाएं और सर्जिकल सामग्री मिली हैं। सभी बरामद दवाओं के नमूने सुरक्षित कर लिए गए हैं और उनकी विस्तृत जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन ने इस मामले की सूचना पटना स्थित बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BMSICL) को भी देने की तैयारी की है। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि ये दवाएं किस जिले, अस्पताल या संस्थान के लिए आवंटित की गई थीं और वे खुले मैदान में कैसे पहुंच गईं। डीएम वर्षा सिंह ने स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग और लापरवाही को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जांच एजेंसियों को निष्पक्ष और गहन जांच करने का निर्देश दिया है, ताकि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस घटना ने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लाखों रुपए की जीवनरक्षक दवाओं और चिकित्सा सामग्री को खुले में फेंकना न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि यह स्वास्थ्य व्यवस्था में संभावित भ्रष्टाचार और लापरवाही की भी बड़ी तस्वीर पेश करता है।

### दूध लदी पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, ड्राइवर की मौत, गाड़ी को काटकर निकाला शव, दूध सप्लाई करने जाते समय हादसा

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के कच्ची-पक्की ओपी क्षेत्र के दिघरा में आज सड़क हादसा हुआ। इसमें सुधा दूध लदी पिकअप गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि ड्राइवर का शव गाड़ी में बुरी तरह फंस गया, जिसे काफी मशक्कत के बाद गाड़ी को काटकर बाहर निकाला गया। दर्सल, आज सुबह करीब 6 बजे दूध सप्लाई के लिए जा रही पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान सकरा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कंठ निवासी



25 साल के राजकुमार के रूप में हुई है। मृतक के मामा राजेंद्र राम ने बताया कि राजकुमार सुधा दूध सप्लाई गाड़ी पर चालक के रूप में काम करता था और रोज की तरह गुरुवार सुबह भी दूध लेकर निकला था। इसी दौरान हादसा हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत काम शुरू किया गया। गाड़ी में शव फंसा होने के कारण काफी देर तक रेस्क्यू चलाया गया। बाद में गाड़ी के हिस्से को काटकर ड्राइवर के शव को बाहर निकाला गया। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दुर्घटना किन कारणों से हुई, इसकी जांच शुरू कर दी गई है।

### माड़ीपुर-दादर पुल पर भारी वाहनों की एंट्री होगी बंद, शहर पर बढ़ेगा ट्रैफिक लोड, टेक्निकल टीम ने लिया जायजा

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर शहर के जर्जर और क्षतिग्रस्त पुलों को लेकर जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। डीएम ने माड़ीपुर ओवरब्रिज, दादर पुल पर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाई जाएगी। इनमें ट्रक, बड़े मालवाहक वाहन और बसें भी शामिल है। पथ निर्माण विभाग से अनुमति मिलने के बाद यह आदेश जारी किया गया है। बुधवार को टेक्निकल टीम ने दोनों पुलों का जायजा लिया। दादर पुल के निचले हिस्से में साफ-सफाई के बाद टीम पुल के कमजोर हिस्सो की जांच में जुटी रही। जांच के बाद रिपोर्ट के आधार पर मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। सबसे ज्यादा असर माड़ीपुर ओवरब्रिज पर दिखेगा। यहां बसों के परिचालन पर रोक लगने से इसका सीधा दबाव ब्रह्मपुरा, जूरन छपरा और शहर के अंदरूनी हिस्सों की सड़कों पर पड़ेगा। पहले से जाम झेल रहे इलाकों में ट्रैफिक लोड और बढ़ने की आशंका है। इसी तरह की स्थिति दादर पुल पर भारी वाहन का परिचालन रोकने का होगा। पुल के जर्जर होने की स्थिति में सुरक्षा को लेकर यह फैसला प्रशासन को लेना पड़ा है। प्रशासन ने जिन पुलों पर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाई है, उनमें माड़ीपुर ओवरब्रिज, चांदनी चौक-बखरी पथ स्थित दादर पुल, देवरिया-बरूराज पथ का पुल और देवरिया-जाफरपुर-अम्बारा पथ का पुल शामिल है। विभागीय रिपोर्ट में इन पुलों की स्थिति को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंता जताई गई थी। इसके बाद एहतियातन यह निर्णय लिया गया। यातायात विभाग को अब भारी वाहनों और बसों के लिए वैकल्पिक रूट तय करने होंगे। साथ ही प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त ट्रैफिक व्यवस्था करनी पड़ेगी, ताकि शहर में जाम की स्थिति और खराब न हो। बसों और ट्रकों के लिए वैकल्पिक रूट तय होने के बाद दूसरे इलाकों में दबाव बढ़ेगा। खासकर ब्रह्मपुरा, जूरन छपरा और बैरिया इलाके में ट्रैफिक व्यवस्था चुनौती बन सकती है। डीएम के आदेश के बाद दादर पुल के दोनों तरफ बैरियर लगाने का काम शुरू कर दिया गया। पुल निर्माण निगम ने दादर पुल के निचले हिस्से में साफ-सफाई कराई, ताकि पुल की वास्तविक स्थिति और डैमेज का सही आकलन किया जा सके। इधर, माड़ीपुर ओवर ब्रिज का भी टीम ने जायजा लिया। हालांकि, दोनों पुल पर अभी भारी वाहनों का परिचालन जारी है। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के वरीय परियोजना निदेशक आलोक कुमार के नेतृत्व में टेक्निकल बुधवार दोपहर दादर पुल पहुंची। टीम ने पुल के ऊपर और नीचे जाकर जॉइंट, स्लैब और अन्य स्ट्रक्चर का निरीक्षण किया। पुल निर्माण निगम के अधिकारियों ने बताया कि निजी एजेंसी से साफ-सफाई कराने के बाद टेक्निकल विंग को यह जिम्मेदारी दी गई है। वह तत्काल यह रिपोर्ट दे कि पुल में कौन-कौन से हिस्सों में तत्काल मेंटेनेंस की जरूरत है। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा।

# गांधी मैदान में बकरीद पर 15 हजार नमाजियों ने नमाज की अदा

## बोले- अल्लाह सभी को परेशानियों से दूर रखे, सुरक्षा में मजिस्ट्रेट तैनात, सीसीटीवी से निगरानी

एजेंसी, पटना

पटना में ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर गांधी मैदान में नमाज अदा की गई। करीब 15 हजार नमाजियों के शामिल होने का अनुमान है। नमाज को लेकर मैदान में विशेष तैयारियां की गई थी। कड़ी सुरक्षा में लोगों को गांधी मैदान में एंट्री दी गई। बकरीद को लेकर गांधी मैदान और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई। मैदान परिसर में बम स्क्वायड और डॉग स्क्वायड की टीमें लगातार जांच अभियान चला। हर गतिविधि पर CCTV कैमरों के जरिए नजर रखी गई ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत पकड़ा जा सके। नमाजियों की एंट्री के लिए गांधी मैदान के गेट नंबर 5 से 10 तक विशेष व्यवस्था की गई। वहीं वाहनों के प्रवेश और पार्किंग के लिए गेट नंबर 9 और 10 निर्धारित किए गए थे।



**पटना में 479 जगहों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल तैनात:** बकरीद को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। डीएम और एसएसपी के संयुक्त आदेश पर पटना जिले के 479 संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई। सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त और निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

**सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की पैनी नजर:** त्योहार के दौरान अफवाहों और भड़काऊ पोस्ट को रोकने के लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर साइबर टीम लगातार नजर रख रही है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी।

**शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील:** जिला प्रशासन ने लोगों से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ बकरीद मनाने की अपील की है। सभी मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास साफ-सफाई, पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

## बिहार के 6 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, तापमान 4 डिग्री तक गिरेगा

एजेंसी, पटना

पटना समेत बिहार के कई जिले भीषण गर्मी की चपेट में हैं। हालात ऐसे हैं कि दिन के साथ-साथ रात में लोग गर्मी से परेशान हैं। 42.6 डिग्री के साथ कैमूर सबसे गर्म जिला रहा। जबकि औरंगाबाद का तापमान 40.6 डिग्री रहा। भीषण गर्मी से जूझ रहे पटना समेत प्रदेश के लोगों को जल्द ही बड़ी राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने आज 32 जिलों में ऑरेंज और 6 में यलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में भारी बारिश और बिजली गिरने की आशंका है।

इसके साथ ही 60kmph की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। विभाग के मुताबिक, 29 मई को पटना, नालंदा, वैशाली, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, समस्तीपुर और गया समेत कई जिलों में तेज बारिश के आसार बन रहे हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज की गई है। इसमें कटिहार के प्राणपुर में सर्वाधिक 62.4 मिमी, मधेपुरा के पुरैनी में 56 मिमी और मधुबनी के झंझारपुर में 51.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई।



**अगले एक हफ्ते तक कैसा रहेगा मौसम:** मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बिहार में अगले सात दिनों तक तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। बीच-बीच में बारिश और बादल छाए रहने से लू और तेज गर्मी से राहत मिलेगी। कई जिलों में दोपहर और शाम के समय गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। हालांकि कुछ इलाकों में उमस बनी रह सकती है, लेकिन भीषण गर्मी जैसी स्थिति नहीं रहेगी।

**बिहार में मानसून और प्री-मानसून की एंट्री कब:** मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, बिहार में प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो रही है। अगले महीने यानी जून के पहले और दूसरे सप्ताह में प्री-मानसून बारिश शुरू हो सकती है। वहीं दक्षिण-पश्चिम मानसून के बिहार में 12 जून से 18 जून के बीच प्रवेश करने की संभावना है। अगर बंगाल की खाड़ी में सिस्टम मजबूत हुआ तो मानसून तय समय से थोड़ा पहले भी पहुंच सकता है।

## गैस पाइप लाइन कटने से सब्जी मंडी में लगी आग

एजेंसी, पटना

पटना के दीघा सब्जी मंडी में देर रात आग लग गई। गैस पाइप लाइन कटने की वजह से आग फैल गई। कहीं, ब्लास्ट ना हो जाए इस डर से स्थानीय लोग बुझाने भी नहीं जा रहे थे। इसी बीच डायल 101 पर कॉल कर के लोगों ने अग्निशमन को खबर की। देर रात लोदीपुर अग्निशमन अनुमंडल पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचें और तकरीबन 30 मिनट के बाद सप्लाई बंद होने पर आग पर काबू पाया जा सका।

अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार ने बताया कि पास में बिजली का काम चल रहा था। इसी दौरान गेल इंडिया लिमिटेड के पाइप लाइन में कट लग गया। रिसाव के बाद आग लग गई। फिलहाल काबू पा लिया गया है। किसी की हताहत होने की खबर नहीं है। मौके पर 5 दमकल की गाड़ी



पहुंची थी और तकरीबन 30 मिनट का समय लग गया।

**गैस पाइप लाइन के पास काम नहीं करने की अपील:** फिलहाल सप्लाई ठप है। वहीं, आस पास के लोगों को अग्निशमन की ओर से हिदायत भी दी गई है। लोगों से कहा गया है कि अगर काम हो रहा है तो गैस पाइप लाइन के पास नहीं करें। इससे दूरी बनाकर निजी काम करें। इसके अलावा किसी तरह के रिसाव हो रहे हैं तो गेल इंडिया लिमिटेड और अग्निशमन को खबर करें। आग जिस जगह पर लगी थी। वह रिहायशी इलाका है। आस पास दर्जनों बिल्डिंग हैं।

## पंजाब में बिहार की 9 साल की बच्ची से रेप

एजेंसी, पटना

बिहार की 9 साल की बच्ची के साथ पंजाब के मोगा में रेप की घटना को अंजाम दिया गया। 40 साल के शख्स ने वारदात किया है। बच्ची चिल्लाने लगी और मां को बताने की बात कहने लगी, तो पकड़े जाने के डर से आरोपी ने उसे कमरे के पंखे से फंदे पर लटका दिया। आरोपी का नाम दयानंद है और वह झारखंड का रहने वाला है। वारदात को अंजाम देकर वह उसी शाम ट्रेन पकड़कर झारखंड भागने की तैयारी में था। यहीं नहीं वारदात के बाद उसने अपना फोन भी बंद कर दिया था। लेकिन मोगा पुलिस ने उसे बुगीपुरा चौक के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी पर रेप, हत्या और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

**सूना कमरा देखकर दरिंदे ने बनाया निशाना:** घटना 25 मई की है। गर्मी के कारण दोपहर के समय गली में सन्नाटा था। 9 साल की बच्ची अपने किराए के कमरे में अकेली बैठी हुई थी और मोबाइल फोन देख रही थी। इसी दौरान उसकी बड़ी बहन अपनी मां के पास मोबाइल फोन लेने के लिए कमरे से बाहर चली गई। आरोपी दयानंद, जो मोगा में मजदूरी करता था, काफी समय से इसी इलाके में रह रहा था। वह इस ताक में था कि कब बच्ची अकेली मिले। कमरे को सूना और बच्ची को अकेला पाकर वह चुपके से कमरे



के भीतर दाखिल हो गया।

**हवस का शिकार बनाने की कोशिश और बच्ची का शोर:** पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी अकसर बच्चियों को लेकर गंदी नीयत रखता था। उस दिन जैसे ही उसे मौका मिला तो उसने बच्ची को दबोच लिया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। इस अचानक हुए हमले से बच्ची घबरा गई और उसने खुद को बचाने के लिए शोर मचाना शुरू किया। इस पर आरोपी के हाथ-पांव फूल गए। उसे डर सताने लगा कि अगर किसी ने आवाज सुन ली तो वह पकड़ा जाएगा।

**राज खुलने के डर से पंखे से लटकाया:** आरोपी ने पुलिस पूछताछ में कहा कि जब बच्ची ने चिल्लाकर अपनी मां को बुलाने और उसका नाम उजागर करने की बात कही, तो उसने पहले बच्ची का गला घोंटने की कोशिश की और फिर कमरे में लगे पंखे से फंदा बांधकर उस पर लटका

**शोर मचाने पर फंदे से लटकाया, इलाज के दौरान मौत, झारखंड भागने की फिराक में था आरोपी**

दिया। उसने ऐसा इसलिए किया ताकि सबको यह लगे कि बच्ची ने खुदकुशी की है और उसका नाम कभी सामने न आ पाए। वह यह सोच रहा था कि बच्ची मर जाएगी तो राज हमेशा के लिए दफन हो जाएगा।

**बड़ी बहन जब वापस लौटी तो उड़ गए होश:** कुछ ही देर बाद जब बच्ची की बड़ी बहन अपनी मां से मोबाइल लेकर वापस किराए के कमरे पर पहुंची, तो उसने देखा कि उसकी छोटी बहन फंदे से लटक रही थी। यह देखकर वह जोर-जोर से चीखने-चिल्लाने लगी। उसकी चीखें सुनकर आसपास के घरों में रहने वाले लोग और पड़ोस की एक इमारत में काम कर रहे मजदूर तुरंत मौके पर पहुंचे।

**फंदे से उतारा तो चल रही थीं सांसें:** जब पड़ोसी और मजदूर कमरे के अंदर पहुंचे, तो उन्होंने तुरंत बच्ची को फंदे से नीचे उतारा। जब बच्ची को नीचे उतारा गया, तब उसकी सांसें चल रही थीं। लोग उसे गोद में उठाकर मोगा के सरकारी अस्पताल की तरफ भागे। अस्पताल पहुंचने से ठीक पहले उसने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## मल्टी मॉडल हब में गेट संख्या-2 से ही निकलेंगी बसें

एजेंसी, पटना

पटना जंक्शन स्थित मल्टी मॉडल हब में निजी बस पार्किंग के लिए एक अलग स्थान चिन्हित किए जाएंगे। सभी सरकारी और निजी बस एग्जिट गेट संख्या- 2 से ही निकलेंगे। ये अनिवार्य किया गया है। वहीं, बसों को एग्जिट गेट के 12 मीटर पहले पार्क करना होगा। मल्टी मॉडल हब से निकलने के बाद जीपीओ तक कोई भी बस नहीं रुकेगी। अगर किसी भी बस को अनावश्यक रूप से पार्क किया जाएगा और प्रवेश द्वार के समीप खड़ा किया जाएगा, तो उस स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक यशपाल मीणा ने ये आदेश जारी किया है।

**बसों में प्रेशर हॉर्न की जांच की जाएगी:** इसके साथ ही सभी बसों में प्रेशर हॉर्न की जांच की जाएगी। किसी भी तरह की गडबड़ी पर मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार दंड दिया जाएगा। यात्री आवागमन को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रवेश द्वार पर ट्रैफिक पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त पटना जंक्शन की दिशा में आने-जाने वाले यात्रियों के लिए आवागमन मार्ग को हर परिस्थिति में बाधारहित बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**मल्टी मॉडल हब प्रशासन, बस स्वामियों का बनेगा कॉमन व्हाट्सएप ग्रुप:** सभी निजी बस



स्वामियों को अपने आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और संबंधित वाहनों के पंजीयन एवं परमिट दस्तावेजों का सत्यापन एक सप्ताह के अंदर पूरा कराने का निर्देश दिया गया है।

इसके लिए अधिकृत नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संचालन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए निजी बस स्वामियों का मल्टी मॉडल हब प्रशासन के साथ एक कॉमन व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। मल्टी मॉडल हब परिसर में किसी भी प्रकार की अवैध पार्किंग, अनधिकृत वाहन प्रवेश और सार्वजनिक शांति भंग करने वाली गतिविधियों को गंभीरता से लिया जाएगा। इसमें दोषी पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई होगी और आर्थिक दंड में लगेंगे।

## पीएमसीएच के गार्ड्स ने मरीज और परिजन को पीटा, 2 का सिर फटा

एजेंसी, पटना

पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) में गुरुवार सुबह बाइक पार्किंग को लेकर विवाद हो गया। गार्ड्स ने मरीजों और उनके परिजनों के साथ मारपीट की। दो लोगों का सिर फट गया, जबकि एक महिला के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। घटना इमरजेंसी वार्ड के पास पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद उस समय शुरू हुआ जब बिहटा के कंचनपुर निवासी विमल कुमार सुबह करीब 10:30 बजे अपनी बाइक इमरजेंसी के पास पार्क कर रहे थे। वहां मौजूद गार्ड्स ने उन्हें रोका, जिसके बाद कहासुनी हुई और विवाद बढ़ गया।

आरोप है कि कुछ ही देर में कई गार्ड्स ने विमल कुमार पर हमला कर दिया और उनकी पिटाई की। मारपीट इतनी गंभीर थी कि विमल का सिर फट गया और वह सड़क



पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घायल विमल काफी देर तक सड़क पर पड़े रहे। इस दौरान भी गार्ड्स का आक्रामक रवैया बना रहा। घटना के समय पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद थे, जिससे अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। विरोध करने पर प्रेम कुमार को भी पीटा घटना के दौरान वहां मौजूद अन्य लोगों ने जब गार्ड्स का विरोध किया तो मामला और बिगड़ गया। पटना के भट्टाचार्य इलाके के रहने वाले प्रेम कुमार अपनी पत्नी का इलाज कराने PMCH पहुंचे थे। उन्होंने घायल विमल कुमार के साथ हो रही मारपीट का विरोध किया और

**इमरजेंसी वार्ड के पास बाइक पार्किंग को लेकर हुई कहासुनी**

बीच-बचाव की कोशिश की। गार्ड्स ने प्रेम कुमार को भी नहीं बख्शा। उनके साथ भी जमकर मारपीट की गई, जिसमें उनका सिर फट गया। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। कई लोगों ने आरोप लगाया कि PMCH में आए दिन गार्ड मरीजों और उनके परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। महिला के साथ धक्का-मुक्की मारपीट के दौरान सोनपुर की रहने वाली संगीता कुमारी ने जब घायल लोगों को बचाने और विवाद शांत कराने की कोशिश की, तो उनके साथ भी बदसलूकी की गई।

## पटना नगर निगम 12 नए टैंकर किराए पर लेगा

एजेंसी, पटना

पटना में तेज धूप और गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। ऐसी स्थिति में पटना नगर निगम ने पेयजल व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। अब 7 हजार लीटर वाले वाटर टैंकर लोगों की प्यास बुझाएंगे। शहर में जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए सभी 186 पंप हाउसों के संचालन की रेगुलर जांच करने के निर्देश हैं। पटना नगर निगम के पास वर्तमान में करीब 120 किलोमीटर लंबा पाइपलाइन नेटवर्क मौजूद है। पटना नगर निगम के पास वर्तमान में 3600 लीटर क्षमता के कुल 13 वाटर टैंकर संचालित हैं। पेयजल मांग को देखते हुए नगर आयुक्त ने अतिरिक्त टैंकर किराए पर लेकर इनकी संख्या बढ़ाकर 25 करने का निर्देश दिया है। साथ ही भीड़-भाड़ वाले और अधिक आवश्यकता वाले क्षेत्रों में टैंकर तैनात



**7 हजार लीटर वाले टैंकर शहर के चौक-चौराहों पर रहेंगे**

करने को कहा गया है। नगर आयुक्त ने वाटर टैंकरों की नियमित सफाई, प्रतिदिन ताजा पानी भरने और पानी को दूषित होने से बचाने के लिए सभी टैंकरों के ढक्कनों को लॉक रखने के निर्देश भी दिए हैं। 3 से 4 टैंकर रिजर्व हैं, जिन्हें गांधी मैदान, शहर के बड़े आयोजनों, परीक्षा केंद्रों और किसी क्षेत्र में बोरिंग खराब होने की स्थिति में आवश्यकतानुसार भेजा जाता है।

## पीएमसीएच में इलाज से पहले लगाने पड़ते चक्कर

एजेंसी, पटना

बिहार के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल पीएमसीएच में मरीजों को इलाज से पहले लंबी मशक्कत करनी पड़ रही है। रजिस्ट्रेशन, जांच और दवा लेने के लिए उन्हें अस्पताल परिसर में कई भवनों और मंजिलों के बीच बार-बार आना-जाना पड़ता है। भीषण गर्मी में यह समस्या मरीजों की परेशानी और बढ़ा रही है। इस व्यवस्था से बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगों और गंभीर मरीजों को विशेष परेशानी हो रही है। मरीजों और उनके परिजनों के अनुसार, डॉक्टरों से इलाज मिलने में बड़ी समस्या नहीं है, लेकिन अस्पताल की अव्यवस्थित प्रणाली के कारण पूरा दिन परिसर में भटकते हुए निकल जाता है, जिससे इलाज कराना मुश्किल हो जाता है। पीएमसीएच पहुंचने वाले मरीजों की मुश्किलें अस्पताल के प्रवेश द्वार से ही शुरू हो जाती हैं। निजी वाहन से आने वाले अधिकांश मरीजों को अपनी गाड़ियां अस्पताल परिसर से बाहर ही खड़ी करनी पड़ती हैं।



**जांच करानी हो तो और भी परेशानी होती है:** उदाहरण के लिए, जेपी गंगा पथ की ओर से आने वाले मरीजों को पुल के पास वाहन पार्क करने के बाद राजेंद्र सर्जिकल वार्ड स्थित रजिस्ट्रेशन काउंटर तक पहुंचने के लिए लगभग आधा किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। तेज धूप और उमस में यह दूरी मरीजों के लिए एक बड़ी चुनौती बन जाती है। रजिस्ट्रेशन के बाद मरीजों को मुख्य अस्पताल भवन स्थित ओपीडी तक जाना होता है। यहां डॉक्टर को दिखाने के लिए उन्हें लंबी कतारों में घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई मरीजों ने बताया कि सुबह से लाइन में लगने के बावजूद नंबर आने में काफी समय लग जाता है। यदि डॉक्टर एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड या अन्य रेडियोलॉजी जांच लिखते हैं, तो मरीजों को अस्पताल परिसर की दूसरी छोर पर स्थित रेडियोलॉजी विभाग जाना पड़ता है। मरीजों के मुताबिक, ओपीडी से रेडियोलॉजी विभाग तक पहुंचने में भी लगभग आधा किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

**कई बार लिफ्ट बंद होती, सीढ़ियों से जाना होता:** यदि ब्लड जांच लिखी गई हो तो मरीजों को फिर सीयूबी भवन जाना पड़ता है। यहां जांच की सुविधा छठी मंजिल पर है। लिफ्ट में अधिक भीड़ और कई बार लिफ्ट बंद रहने के कारण मरीजों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह परेशानी का सबब बन जाता है। डॉक्टर से परामर्श और जांच रिपोर्ट दिखाने के बाद मरीजों को मुफ्त दवा लेने के लिए मुख्य अस्पताल भवन के पांचवें तल्ले तक जाना पड़ता है। इलाज से ज्यादा थका रही अस्पताल की व्यवस्था मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि इलाज की प्रक्रिया से ज्यादा थकाने वाला अस्पताल का एक भवन से दूसरे भवन तक का सफर है।

## संक्षिप्त समाचार

### जुआ खेलते 9 लोग गिरफ्तार, नगद व ताश के पत्ते बरामद

**बीएनएम @ मोतिहारी**। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताश के पत्ते एवं जुए में इस्तेमाल किए जा रहे 2,900 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भेड़ीहरवा गांव स्थित हनुमान मंदिर के पीछे उपेंद्र सिंह के फार्महाउस/बगीचा में कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छापेमारी कर मौके से नौ जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से ताश के पत्ते तथा 2,900 रुपये भारतीय मुद्रा बरामद की है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण करने वाला आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**। पिपरा थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को दिल्ली से सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही शादी की नीयत से उसे बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पिपरा थाना कांड संख्या 92/26 के तहत दर्ज अपहरण मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने नांगलोई प्रेमनगर कॉलोनी, जिला नांगलोई, दिल्ली में छापेमारी की। वहां से अपहृत नाबालिग पीड़िता को सुरक्षित बरामद किया गया। इस दौरान आरोपी ड्राइवर जितेंद्र राम, पिता मनोज राम, निवासी उंजी, थाना दुबौलिया, जिला बस्ती (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। बताया गया है कि आरोपी पिछले कई वर्षों से पिपरा थाना क्षेत्र के हरदियाबाद गांव में पीड़िता के घर के पीछे स्थित एक एस्बेस्टस मकान में रहकर ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने प्रेमजाल में फंसाकर शादी की नीयत से नाबालिग को भगाया था। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### रामगढ़वा में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाई गई बकरीद



**बीएनएम @ रामगढ़वा**। रामगढ़वा प्रखंड में बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न गांवों के ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अकीदत के साथ नमाज अदा कर एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी तथा अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। त्योहार को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया। नमाज के बाद लोगों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। बच्चों और युवाओं में भी पर्व को लेकर खास उत्साह नजर आया। बकरीद को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी पुलिस निरीक्षक अनुज कुमार पाण्डेय ने की, जबकि थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार क्षेत्र में गश्त करती रही। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए सब-इंस्पेक्टर सुमित कुमार, सब-इंस्पेक्टर प्रिया कुमारी, चौकीदार संजय सिंह, सोनू यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी विभिन्न चौक-चौराहों एवं ईदगाहों के आसपास तैनात रहे। प्रशासन की सतर्कता के कारण कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और पूरा क्षेत्र शांतिपूर्ण बना रहा।

### रामगढ़वा में संभावित अपराध की साजिश नाकाम, हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी/रामगढ़वा**। पूर्वी चंपारण जिले के रामगढ़वा थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संभावित अपराध की साजिश को विफल कर दिया। पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को एकनाली बंदूक एवं धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 27 मई 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि वर्दियाही घाट में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना के बाद एक पक्ष के पास हथियार मौजूद है, जिसका उपयोग किसी बड़ी घटना को अंजाम देने में किया जा सकता है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रक्सौल मनीष आनंद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वर्दियाही गांव में छापेमारी की। इस दौरान कृष्णा ठाकुर, पिता स्वर्गीय राजकुमार ठाकुर, निवासी वर्दियाही, थाना रामगढ़वा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कमरे से एक एकनाली बंदूक तथा एक धारदार तलवार बरामद की। इस संबंध में रामगढ़वा थाना कांड संख्या 269/26 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में एसडीपीओ रक्सौल मनीष आनंद, पुलिस निरीक्षक अनुज कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह, अपर थानाध्यक्ष सुमित कुमार प्रसाद एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# पूर्वी चम्पारण में हर्षोल्लास व अकीदत के साथ मनाया गया ईदुल अज़हा का पर्व

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। पूर्वी चम्पारण जिले के मेहसी, चकिया एवं आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को ईदुल अज़हा (बकरीद) का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, अकीदत और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में हजारों मुस्लिम भाइयों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा कर देश-दुनिया में अमन, भाईचारा, तरक्की और इंसानियत की सलामती की दुआ मांगी। मेहसी थाना क्षेत्र के मिर्ज़ापुर ईदगाह में करीब दस हजार से अधिक लोगों ने ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद इमाम कारी जर्रार ने मुल्क और पूरी दुनिया में अमन, इत्तेहाद, भाईचारा और खुशहाली के लिए विशेष दुआ की। वहीं दूसरी जमाअत में हाफिज इरशाद ने नमाज पढ़ाई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी तथा सुन्नत-ए-इब्राहीमी का पालन करते हुए बकरों की कुर्बानी दी। मेहसी प्रखंड के ढरगावां, मैनमेहसी, बथना, हरपुर, सराय बनवारी, काजी चक, कोठिया हरिराम सहित विभिन्न ईदगाहों में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदुल अज़हा की नमाज अदा कर मुल्क और मिल्लत की सलामती की दुआएं मांगी। नमाज के बाद लोगों ने अल्लाह की राह में जानवरों की कुर्बानी दी तथा गरीबों और जरूरतमंदों के बीच कुर्बानी का गोश्त वितरित किया। वहीं चकिया नगर परिषद एवं आसपास के क्षेत्रों में भी बक़रीद शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में मनाई गई। नगर परिषद क्षेत्र के कुआवां ईदगाह में सुबह 7:30 बजे ईद उल अज़हा की नमाज अदा की गई, जिसकी इमामत मौलाना रियाज़ शमशी ने की। ईदगाह कमिटी के सचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता इश्तियाक आलम द्वारा नमाजियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी। इस अवसर पर इश्तियाक आलम ने कहा कि ईदुल अज़हा त्याग, कुर्बानी और इंसानियत का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने दुनिया में व्याप्त हिंसा और अशांति पर चिंता जताते हुए जल्द अमन-चैन कायम होने की दुआ की। साथ ही बेरोजगारी, महंगाई और परेशानियों से जूझ रहे लोगों के लिए भी राहत और खुशहाली की कामना की। हरपुरकिशुनी ईदगाह में मौलाना महताब आलम की इमामत में नमाज अदा की गई। शेखी चकिया ईदगाह में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि फिरदौस आलम, गुलाम रब्बानी अंसारी, अब्दुल रहीम और चुन्नू नेता सहित सैकड़ों लोगों ने नमाज अदा की। जामा मस्जिद चकिया में हाफिज आफताब आलम की इमामत में नमाज हुई, जबकि नूरी मस्जिद, इमादपट्टी एवं कुआवां पश्चिम टोला मस्जिद में भी ईद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नगर परिषद सभापति पवन सर्राफ, उपसभापति सुभाष यादव एवं युवा नेता आज़ाद आलम ने नगरवासियों को बक़रीद की मुबारकबाद देते हुए आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की। इस दौरान चकिया पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा तथा विभिन्न ईदगाहों में पहुंचकर शांति एवं भाईचारे का संदेश दिया। मेहसी एवं चकिया क्षेत्र में आयोजित ईदुल अज़हा के कार्यक्रमों में मोहम्मद अखलाक, मास्टर शाहिद रज़ा, ताजुल हक़, मौलाना कौसर अली, सूफी एहसान अली, हसीबुर रहमान, फैज़ अहमद, नसीम अहमद, रिज़वान अहमद, लतीफुर रहमान, हाजी कारीमुल्लाह, अताउर रहमान, अबुल कलाम आजाद, अतीकुर्रहमान, सैरुल शाह, कलाम खान, मंसूर अली, रेहान रज़ा, मोहम्मद शहाबुद्दीन, जमील अहमद, हाजी मोईम, हाजी महबूब, इश्तियाक आलम, मुश्ताक आलम, फ़रोग आलम जामी, मौलाना तारिक मिस्बाही, सुरूर आलम, वसीम अख्तर, नूर आलम अंसारी, समी अंसारी, अफ़रोज़ आलम, राधेश्याम प्रसाद, लाल बाबू प्रसाद, मुहम्मद अली, शम्स तबरेज, दिल मुहम्मद अंसारी, मनोहर कुमार, हाजी शमशेर अली, हाजी साबिर अली, मुहम्मद मुर्तजा अंसारी, हसरत अली, शकील शागिल, मुहम्मद ज़ाहिर एवं असरार सर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## तरियानी में शांतिपूर्ण माहौल में मनाई गई बकरीद, ईदगाहों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

बीएनएम @ शिवहर



**शिवहर**। जिले के तरियानी प्रखंड समेत आसपास के क्षेत्रों में बकरीद का त्योहार शुक्रवार को आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुटी। नमाज के दौरान लोगों ने देश में सुख-शांति और अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की शुभकामनाएं दीं और खुशियां बांटी। तरियानी प्रखंड के सरवरपुर, सुमहुती, बैजनाथपुर, फतेहपुर, पोझिया, हिरम्मा, खुरपट्टी, पहाड़पुर, विशंभरपुर और वृंदावन सहित कई पंचायतों में पर्व को लेकर खास उत्साह देखा गया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में त्योहार को लेकर काफी उत्साह नजर आया। बकरीद को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सभी प्रमुख ईदगाहों, मस्जिदों और संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पर्व से पहले प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की गई थी। तरियानी थाना अध्यक्ष विनय प्रसाद, हिरम्मा थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार, तरियानी छपरा थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार गुप्ता एवं अंचल निरीक्षक विनय प्रताप सिंह लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। अधिकारियों ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। प्रशासन की ओर से सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी गई। अधिकारियों ने कहा कि अफवाह फैलाने अथवा माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान नहीं देने और तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की गई।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई वीर सावरकर की जयंती

बीएनएम @ बेतिया




**बेतिया**। मेरा युवा भारत के तत्वावधान में प्रखंड बैरिया के पखनाहा बाजार स्थित चाणक्य एकेडमी में विनायक दामोदर सावरकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन पश्चिम चंपारण के जिला युवा अधिकारी शशांक मित्तल के निर्देशन में तथा बैरिया प्रखंड समन्वयक नितेश पटेल के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर छात्रों के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में बेबी तबस्सुम ने प्रथम, अंकित कुमार ने द्वितीय तथा सलोनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रतिज्ञा कुमारी, पलक कुमारी, स्वीटी कुमारी, अंतिमा कुमारी, प्रीति कुमारी और जरीना खातून को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में माय भारत पश्चिम चंपारण के कार्यालय सहायक अमित सिंह एवं अकाउंटेंट देवरागी साह ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए पेड़ लगाने का संदेश दिया। प्रखंड समन्वयक नितेश पटेल ने कहा कि वीर सावरकर ने अपना संपूर्ण जीवन देश सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राजू यादव, चाणक्य एकेडमी के संस्थापक अभिमन्यु गुप्ता, दीप ज्ञान के संस्थापक मनीष कुमार, फ्यूचर प्वाइंट संस्था के संस्थापक सुनील ठाकुर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 2025 में एमजीसीयू को बड़ी सफलता

बीएनएम @ मोतिहारी





**मोतिहारी**। महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी ने भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 2025 में केंद्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में देशभर में 35वाँ स्थान हासिल कर महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। कम समय में स्थापित होने के बावजूद विश्वविद्यालय ने कई पुराने और प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों को पीछे छोड़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। विश्वविद्यालय ने सिक्किम केंद्रीय विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, केंद्रीय विश्वविद्यालय कश्मीर, केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड, त्रिपुरा विश्वविद्यालय और नालंदा विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों से बेहतर प्रदर्शन किया है। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास, शैक्षणिक उत्कृष्टता और निरंतर शोध एवं नवाचार का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल रैंकिंग हासिल करना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और मानवीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा व्यवस्था विकसित करना है। विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर सह प्रवक्ता प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि एमजीसीयू आज शिक्षा, शोध, भारतीय ज्ञान परंपरा, सामाजिक चेतना और युवा सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। सीमित संसाधनों के बावजूद विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित की है। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पाँच वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम, भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की स्थापना, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन तथा डिजिटल प्रशासनिक व्यवस्था विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं। शोध के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को आईसीएसएसआर और आईसीएमआर जैसी संस्थाओं से अनुदान प्राप्त हुए हैं, जबकि कई शिक्षकों को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में स्थान मिला है। विश्वविद्यालय ने अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स डार्टमाउथ, नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय, आईआईटी रांची और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ शैक्षणिक समझौते भी किए हैं। इसके अलावा 500 से अधिक विद्यार्थियों ने यूजीसी-नेट और लगभग 300 विद्यार्थियों ने गेट परीक्षा में सफलता हासिल की है। स्थायी परिसर निर्माण, महिला छात्रावास, आधुनिक प्रयोगशालाएं, खेल परिसर और पर्यावरण संरक्षण अभियान जैसे प्रयासों ने विश्वविद्यालय के विकास को नई गति दी है। यह उपलब्धि बिहार समेत पूर्वी भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था के लिए प्रेरणास्रोत मानी जा रही है।

## रामगढ़वा में एकनाली बंदूक व तलवार के साथ युवक गिरफ्तार



बीएनएम @ रामगढ़वा

**रामगढ़वा**। रामगढ़वा थाना क्षेत्र के वर्दियाही गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को एकनाली बंदूक और धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वर्दियाही गांव निवासी कृष्णा ठाकुर, पिता राजकुमार ठाकुर के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार साह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वर्दियाही घाट में हुई मारपीट की घटना के बाद एक पक्ष के पास हथियार मौजूद है और वह किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना के आधार पर एसडीपीओ रक्सौल मनीष आनंद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कृष्णा ठाकुर के कमरे से एक एकनाली बंदूक और एक तलवार बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में रामगढ़वा थाना कांड संख्या 269/26 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## रामनगर में अकीदत के साथ अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज, अमन-चैन की मांगी गई दुआ

बीएनएम @ बेतिया



**बेतिया**। पश्चिम चम्पारण जिले के रामनगर ईदगाह मस्जिद समेत बहुअरी, धोकरहा, मठिया, फुलकौल और सबेया सहित विभिन्न मस्जिदों में शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज अकीदत और श्रद्धा के साथ अदा की गई। सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग नहा-धोकर साफ-सुथरे कपड़े पहन नमाज अदा करने पहुंचे। नमाज के दौरान देश-दुनिया में अमन, शांति, भाईचारा और मोहब्बत कायम रहने की दुआ मांगी गई। पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्ष दीपक कुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक अभय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजित कुमार तथा अंचलाधिकारी वेद प्रकाश की मौजूदगी में विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। शेख औरंगजेब, रौफुल खान एवं तबरेज आलम ने बताया कि ईद-उल-अजहा को बकरीद और कुर्बानी के पर्व के रूप में जाना जाता है। इस दिन मुस्लिम समाज के लोग अपने पूर्वजों के नाम पर कुर्बानी देते हैं तथा एक-दूसरे से गले मिलकर पर्व की मुबारकबाद देते हैं। साथ ही पुराने गिले-शिकवे भुलाकर आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश देते हैं। युवा समाजसेवी इस्तेयाक अहमद ने कहा कि असली कुर्बानी बकरे की नहीं, बल्कि इंसान के भीतर मौजूद नफरत और लालच की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस दिन लोग नफरत छोड़ इंसानियत को अपनाने लगेंगे, उस दिन समाज से दंगा, फसाद और वर्चस्व की लड़ाई स्वतः समाप्त हो जाएगी। इस मौके पर एलाउद्दीन राईन, कन्हैया प्रसाद, संजय मिश्रा, प्रदीप पटेल, अजित कुमार, तारिक तबरेज, लाल बाबा, मोजाहिद समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जनगणना कार्य में पारदर्शिता पर जोर, उपनिदेशक ने किया औचक निरीक्षण

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। भारत की जनगणना-2027 के तहत पूर्वी चम्पारण जिले में चल रहे मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य का केंद्रीय स्तर पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का नेतृत्व जनगणना निदेशालय, पटना के उपनिदेशक मोहन राजखोवा तथा जिला नोडल अधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। निरीक्षण के दौरान मोतिहारी ग्रामीण चार्ज अंतर्गत सुपरवाइजरी सर्किल-47 के प्रगणक अरविन्द कुमार के एचएलबी-176 तथा पर्यवेक्षकीय सर्किल-44 के प्रगणक पंकज कुमार के एचएलबी-304 के अंतर्गत चयनित परिवारों से प्राप्त आंकड़ों का रैंडम सत्यापन किया गया। परिवारों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचनाओं का मोबाइल एप पर दर्ज डाटा से मिलान कर प्रगणकों के कार्यों की गुणवत्ता की जांच की गई। निरीक्षण टीम ने प्रगणकों द्वारा तैयार नजरीनक्शा एवं भौतिक सत्यापन कार्य की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि जनगणना कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ तथा निदेशालय से समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न किया जाए। निरीक्षण के क्रम में परिवारों से प्राप्त विवरणों का मिलान कर डाटा की शुद्धता सुनिश्चित की गई। मोबाइल एप के माध्यम से संकलित आंकड़ों की गहन जांच करते हुए परिवारजनों की समस्याओं का समाधान भी किया गया। अधिकारियों ने लोगों से राष्ट्रव्यापी इस महत्वपूर्ण कार्य में ईमानदारीपूर्वक सहयोग देने की अपील की। अधिकारियों ने चार्ज अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य शत-प्रतिशत पारदर्शिता के साथ रियल टाइम एचएलओ एप के माध्यम से ही किया जाए तथा भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी निर्देश पुस्तिका का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 37 चार्ज कार्यरत हैं, जिनमें 27 ग्रामीण एवं 10 शहरी चार्ज शामिल हैं। इनके अंतर्गत 9591 गणना ब्लॉक, 9511 प्रगणक एवं 1621 पर्यवेक्षक जनगणना कार्य में लगे हुए हैं। मौके पर राज्य नोडल अधिकारी आदित्य कुमार, राज्य पर्यवेक्षक हेमंत कुमार, रामध्यान सिंह सहित जिला जनगणना कोषांग के गोपाल मिश्र, अमरेश कुमार, मनोज कुमार, नवाब ठाकुर, अरविन्द कुमार तिवारी एवं कमलेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### समस्तीपुर में निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज का डीएम ने किया निरीक्षण

**कार्य में तेजी लाने के निर्देश**



**बीएनएम @ समस्तीपुरः** समस्तीपुर शहर के भोला टॉकीज के समीप निर्माणाधीन रेल उपरिगामी पुल (आरओबी) का गुरुवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, आम लोगों के आवागमन की व्यवस्था, जल निकासी की स्थिति तथा वैकल्पिक मार्गों का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता को निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना शहरवासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके पूरा होने से समस्तीपुर की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार आएगा। इसलिए निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर मेयर अनीता राम, नगर आयुक्त ज्ञान प्रकाश, सदर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अभियंता, नगर निगम के पदाधिकारी, विद्युत विभाग के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे!

### गोलियां की तड़तड़ाहट से गूंजा गुरुआ बाजार



**बीएनएम @ गयाजी।** जिले के गुरुआ बाजार स्थित रामेश्वर बाबू सोनार दुकान में बुधवार के संध्या करीब 7 बजे दो बाइक से करीब 4 से 5 के संख्या में आए हथियार बंद बदमाशों ने ज्वेलर्स दुकान में घुस कर फिल्मी स्टाइल में बंदूक तान दी और सोना चांदी को लूटने लगे। प्रभाकर बाबू ने रोकने का कोशिश किया तो बदमाशों ने छ सात राउंड फायरिंग की। इसमें से एक गोली सीधा पैर में जाकर लग गया और प्रभाकर बाबू बेसुध होकर गिर गए और लुटेरों ने पूरा ज्वेलर्स सफाया कर भाग निकले।लोगो ने घायल पीड़ित को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गुरुआ में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने गोली पैर में फंसे रहने के कारण बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं मौके गुरुआ थाने के एसएचओ मनेस कुमार पुलिस दलबल के साथ पहुंचकर जांच शुरू कर दिए। प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के अलावे अन्य जगहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। शेरघाटी डीएसपी ने भी पहुँच कर जानकारी ली ।

### एसडीएम ने पीपी तटबंध का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**बाढ पूर्व एसडीएम ने लिया तैयारियों की जायजा**



**बीएनएम @ बगहा :** जिलाधिकारी पश्चिमी चंपारण के आदेश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी बगहा चांदनी कुमारी ने बाढ़ पूर्व तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को ठकराहा पहुंची। इस दौरान उन्होंने जलसंसाधन विभाग पडरौना बाढ़ प्रमंडल के अधिकारियों के साथ मिलकर ठकराहा, मधुबनी, पिपरासी और भीतहा अंचलों के संवेदनशील क्षेत्रों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चांदनी कुमारी का मुख्य ध्यान पीपी तटबंध की सुरक्षा व्यवस्था पर केंद्रित रहा। उन्होंने बांध के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए रैन कट एवं संभावित कटाव वाले स्थलों को चिन्हित किया। मौके पर मौजूद कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार एवं बीएस पाल को निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ आने से पहले सभी मरम्मत और सुरक्षात्मक कार्य युद्ध स्तर पर पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि तटबंधों की मजबूती में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी निरीक्षण में ठकराहा, मधुबनी, पिपरासी और भीतहा प्रखंडों के अधिकारी भी मौजूद रहे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन की इस सक्रियता की सराहना की।

### गांधी मैदान में अकीदत के साथ अदा हुई बकरीद की नमाज

**बीएनएम @ गयाजी।** शहर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में गुरुवार को बकरीद का पर्व पूरे अकीदत, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सुबह होते ही बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग गांधी मैदान पहुंचने लगे थे। सफेद कुर्ता-पायजामा और पारंपरिक परिधानों में पहुंचे नमाजियों ने ईद-उल-अजहा की सामूहिक नमाज अदा कर देश-दुनिया में अमन, शांति, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी। इस मौके पर ताबिश पटेल ने कहा कि बकरीद त्याग, बलिदान और इंसानियत का पर्व है। उन्होंने कहा कि इस त्योहार का संदेश लोगों को एक-दूसरे के साथ प्रेम और भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि नमाज के दौरान देश की तरक्की, समाज की खुशहाली और लोगों की बेहतर जिंदगी के लिए दुआ मांगी गई है। साथ ही उन्होंने दुनिया में चल रहे संघर्ष और तनाव को समाप्त करने की भी अपील की।

### देसी कट्टा व चार जिंदा कारतूस के साथ संदिग्ध गिरफ्तार

**बीएनएम @ सीतामढ़ी :** सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया थाना क्षेत्र में पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में एक संदिग्ध व्यक्ति को देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई भटौलिया बांध के समीप चलाए जा रहे संयुक्त सुरक्षा अभियान के दौरान की गई।थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गिरि ने भी इसअ मामले की पुष्टि की। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान भटौलिया निवासी हुसैनी मियां के 46 वर्षीय पुत्र जाजुल मियां के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### पहाड़पुर में प्रस्तावित न्यायालय भवन निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

**बीएनएम @ गयाजी ।** शहर पहाड़पुर गांव के पुनर्वासित ग्रामीणों ने अपनी जमीन पर प्रस्तावित न्यायालय भवन एवं अन्य सरकारी कार्यालयों के निर्माण का विरोध किया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने जिला न्यायाधीश को आवेदन देकर भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 1947-48 में राष्ट्रीय सुरक्षा के उद्देश्य से पहाड़पुर गांव की लगभग 500 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई थी। जिसमे पहले एएससी सेंटर जो वर्तमान में ओटीए (अधिकारी प्रशिक्षण केंद्र) है। जिसके बाद ग्रामीणों को विस्थापित कर वर्तमान पहाड़पुर की सरकारी भूमि पर पुनर्वासित किया गया था। आवेदन में कहा गया है कि पिछले 78 वर्षों से ग्रामीण इसी भूमि पर रहकर खेती एवं स्वरोजगार के माध्यम से जीविकोपार्जन कर रहे हैं।




# 5 हजार का इनामी शराब कारोबारी गिरफ्तार

बीएनएम @ हरसिद्धि



**हरसिद्धि।** हरसिद्धि थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपये के इनामी शराब कारोबारी पप्पू पटेल उर्फ उदय पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी गायघाट टाली टोला निवासी सुभाष पटेल का पुत्र बताया गया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि आरोपी लंबे समय से शराब कारोबार से जुड़े मामलों में फरार चल रहा था। उसके खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध हरसिद्धि थाना कांड संख्या 305/24, 12/25, 804/25, 712/25 एवं 284/26 दर्ज हैं। वहीं हरसिद्धि थाना कांड संख्या 103/26 में भी वह वांछित था। थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब कारोबार एवं तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## बिहार में गन्ना किसानों के लिए नए दौर की शुरुआतः मंगल पांडेय

बीएनएम @ पटना



**पटना।** बिहार में चीनी उद्योग को फिर से खड़ा करने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार गन्ना किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। मंगल पांडेय ने कहा कि "सात निश्चय-3" योजना के तहत राज्य में 25 नई अत्याधुनिक चीनी मिलों की स्थापना और वर्षों से बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनर्जीवित करने का फैसला बिहार के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि यह पहल "आत्मनिर्भर भारत", "किसान कल्याण" और "विकसित भारत 2047" के विजन को मजबूत करेगी। मंगल पांडेय ने कहा कि एक समय बिहार देश के प्रमुख चीनी उत्पादक राज्यों में शामिल था। भाजपा नेता ने दावा किया कि 25 नई चीनी मिलों के शुरू होने से किसानों को उनकी फसल का बेहतर मूल्य मिलेगा और करीब 1.25 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इससे गांवों से होने वाला पलायन भी कम होगा।

## सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली को लेकर आष्टयाम शुरू

» लव कुश परिसर गांधी नगर बगहा में 24 घंटे आष्टयाम की शुरुआत

बीएनएम @ बगहा



**बगहाः** बगहा विधानसभा क्षेत्र के लोगों की अमन-चैन, सुख शांति और समृद्धि के लिए नगर स्थित लव कुश परिसर गांधी नगर में गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 24 घण्टे का अखण्ड हरिकीर्तन का शुभारंभ हुआ । जिसका समापन शुक्रवार अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे किया जाएगा। इसके तुरंत बाद प्रसाद वितरण और विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी बगहा नगर निवासी प्रबुद्ध समाजसेवी सह जदयू के प्रदेश राजनैतिक सलाहकार समिति सदस्य एवं जीडीएसके इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर बीरेंन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने दी। उन्होंने बताया कि अपने परिवार समेत बगहा विधानसभा क्षेत्र की समस्त देव तुल्य जनता जनार्दन की मंगल कामना के उद्देश्य से इस महान अनुष्ठान का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर विधायक राम सिंह, रितू जयसवाल, मनोज सिंह, विजयानंद भारतीय, प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार, डॉ बासु कुशवाहा, डॉ चांदनी प्रकाश, डॉ प्रिया कुमारी, डॉ रिया कुमारी, पारस कुशवाहा समेत सैकड़ों की संख्या में लोग और श्रद्धालु महिला पुरुष शामिल रहे।

## जिलों में भाईचारे और अमन के माहौल में मनाई गई बकरीद

» ईदगाहों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

बीएनएम @ योगापट्टी



**योगापट्टी।** प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व बृहस्पतिवार को हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ देखने को मिली। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नए कपड़े पहनकर ईदगाह पहुंच नमाज अदा की और देश में अमन-चैन तथा खुशहाली की दुआ मांगी योगापट्टी चौमुखा,बलुआ भगवानपुर नवलपुर सेमरी , फतेहपुर समेत कई गांवों की मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में त्योहार को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। दूसरी तरफ, पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया, नौतन, बैरिया और चनपटिया प्रखंडों में गुरुवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व पूरे अकीदत, उल्लास और भाईचारे के माहौल में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। सुबह से ही विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने विशेष नमाज अदा कर देश में अमन-चैन, खुशहाली और सामाजिक सौहार्द की दुआ मांगी। मझौलिया थाना पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला तथा विभिन्न स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई। पूरे जिले में बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



# ईरान ने बुनियादी शर्तें पेश कीं

ईरान की शर्तें मानना अमेरिका के लिए अपनी हार स्वीकार करने जैसा होगा। ट्रंप ने इससे इनकार करते हुए प्रोजेक्ट फ्रीडम शुरू किया। मगर उसके दबाव में आने के बजाय ईरान ने जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। अमेरिका/ इजराइल और ईरान के बीच युद्धविराम लगभग भंग हो चुका है। इसके टूटने की शुरुआत कब हुई और इसे किसने तोड़ा, इन प्रश्नों पर दोनों पक्षों की राय परस्पर विरोधी है। ईरान की दलील है कि आठ अप्रैल को लड़ाई ठहरने के बाद अमेरिका ने होरमुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी कर युद्धविराम को पहली बार भंग किया। फिर तीन मई डॉनल्ड ट्रंप ने होरमुज जलमार्ग को जबरन खुलवाने के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम का एलान कर जंग का नया दौर शुरू कर दिया। ट्रंप का दावा है कि इस कार्रवाई के तहत सात ईरानी नौकाओं को नष्ट किया गया। उधर ईरान ने जलमार्ग पार करने की कोशिश मे लगे यूएई और दक्षिण कोरिया के टैंकरों को निशाना बनाया। लगे हाथ उसने संयुक्त अरब अमीरात के तेल ठिकाने फुजैरा और दुबई में कुछ स्थलों पर भी मिसाइलें दागीं। इस तरह जंग एक नए स्तर पर पहुंच गई है। पहले से ही ऊर्जा संकट, महंगाई और कई जरूरी पदार्थों के अभाव से ग्रस्त विश्व अर्थव्यवस्था पर यह नया प्रहार है। यह तो साफ है कि ट्रंप प्रशासन बिना स्पष्ट सैन्य उद्देश्य तय किए इस लड़ाई में उतर गया। उसकी धारणा शायद यह थी कि वेनेजुएला की तरह चौंकाने वाली कार्रवाई से वह ईरान में सत्ता बदल देगा। इससे वहां के तेल भंडार अमेरिकी नियंत्रण में आ जाएंगे। मगर ये दांव गलत पड़ा। तब से वह जंग से बाहर निकलने की राह नहीं ढूंढ पा रहा है। ट्रंप अमेरिका के विजयी होने के कथानक के साथ युद्ध खत्म करना चाहते हैं, लेकिन ईरान ने इसके अवसर से उन्हें वंचित कर रखा है। पिछले हफ्ते ईरान ने युद्ध समाप्त करने का तीन-स्तरीय फॉर्मूला अमेरिका को भेजा। इसके जरिए ईरान ने फिर अपनी बुनियादी शर्तें पेश कीं, जिन्हें मानना अमेरिका के लिए अपनी हार स्वीकार करने जैसा होगा। ट्रंप ने इससे इनकार करते हुए ईरान पर दबाव बढ़ाने की कोशिश में प्रोजेक्ट फ्रीडम शुरू किया। मगर इसके दबाव में आने के बजाय ईरान ने जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। उनकी चोट फिलहाल यूएई और होरमुज स्थित टैंकरों पर पड़ी है, लेकिन इसका असर सारी दुनिया तक जाएगा।

# भारत की विकास यात्रा

सी. पी. राधाकृष्णन

जब मैं तिरुप्पुर के स्कूल में पढ़ता था, तब मेरे मन में देश को लेकर कई सपने थे। मेरे मन में अक्सर ये सवाल उठते थे- भारत अपनी महानता कब वापस पाएगा? विश्व मंच पर एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में कब उभरेगा? हमारे गरीब और वंचित भाई-बहनों को सम्मानजनक जीवन कब मिलेगा? मुझे खुशी है कि किशोरावस्था में मेरे मन में जो विचार थे, वे अब साकार हो रहे हैं। मैं अक्सर खुद को स्वामी विवेकानंद के इन शब्दों की याद दिलाता था, उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक मत रुको। तमिलनाडु की धरती से स्वामीजी के दिए ये शब्द हर व्यक्ति में देशभक्ति और समर्पण की भावना जगाने की अपार शक्ति रखते हैं। मेरा हमेशा यह विश्वास रहा कि जब भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ेगा, तब वह पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करने वाला राष्ट्र बनकर उभरेगा। पिछले एक दशक में मुझे यह देखकर खुशी होती है कि हमारा देश जबरदस्त ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

अब हमें अपनी आंखों के सामने तिरुवल्लुवर के इन शब्दों की सच्चाई देखने का अवसर मिल रहा है-जो अपने संकल्प में अडिग रहते हैं, वे ठीक वही हासिल करते हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना की होती है। हम देख सकते हैं कि हमारा देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। पिछले एक दशक में भारत ने जो प्रगति हासिल की है, उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया आर्थिक मंदी और अनिश्चितताओं से जूझ रही है, भारत की अर्थव्यवस्था मज़बूती और तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इस दौर को निरंतर विकास का युग बनाने के लिए सरकार और जनता, दोनों का साझा उत्साह ही इस प्रगति का कारण है। एक समय कमजोर अर्थव्यवस्था माने जाने वाला हमारा देश आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारा आर्थिक विकास समावेशी रहा है। पिछले एक दशक में लगभग 25 करोड़ भारतवासी अत्यधिक गरीबी से बाहर निकलकर सम्मानपूर्ण जीवन जीने में सक्षम हुए हैं। अब तक भारत में गरीब और बेघर लोगों के लिए लगभग 4 करोड़ पक्के घर बनाए जा चुके हैं। 12 करोड़ से अधिक लोगों को पाइप से पीने के पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। हमने खुले में शौच से मुक्त राष्ट्र बनने का संकल्प लिया था और केवल 60 महीनों के भीतर देश ने 60 करोड़ लोगों के लिए यह लक्ष्य हासिल कर दिखाया।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को हर वर्ष 5 किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त दिया जा रहा है, जिस पर 2.3 लाख करोड़ रुपये का खर्च किया जा रहा है। मैंने बचपन से ही गांवों में लोगों को इलाज की सुविधा न मिलने के कारण परेशान होते देखा है। उनके परिवारों की पीड़ा देखकर मुझे दुख होता था। आज देश इस संकल्प के साथ आयुष्मान भारत योजना चला रहा है कि स्वास्थ्य सेवाएं हर व्यक्ति तक पहुंचें। इसी का परिणाम है कि अब 44 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिल रहा है। केवल पिछले एक वर्ष में ही 2.5 करोड़ लोगों ने इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज प्राप्त किया है। हमारे किसानों ने अपनी मेहनत से 35 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन किया है, जिससे भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश बन गया है। भारत अब चावल उत्पादन में भी दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है और अपने निर्यात के माध्यम से दुनिया से जुड़ रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत अब तक 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा चुकी है।

आज हमारी नारी शक्ति के लिए देश के विकास में पूरी भागीदारी के अवसर खुल रहे हैं। 3 करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदी बन चुकी हैं। कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान एवं तकनीक से लेकर अंतरिक्ष तकनीक तक, महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। अब महिलाएं सशस्त्र बलों में स्थायी कमीशन भी प्राप्त कर रही हैं और युद्धक भूमिकाओं में भी भाग ले रही हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद और राज्य विधानसभाओं में उनकी भागीदारी को और मजबूत करेगा।

जब मैं देशभर की यात्रा के दौरान लखपति दीदियों और नमो ड्रोन दीदियों से मिलता हूं, तब मुझे अपनी बहनों के चेहरों पर उम्मीद की चमक दिखाई देती है। महिलाओं के दैनिक जीवन को आसान बनाने और उनके स्वास्थ्य की चिंता करते हुए देशभर में लगभग 2 करोड़ नए एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। जब हम युवा पीढ़ी को उत्साह के साथ स्टार्टअप्स की ओर आगे बढ़ते देखते हैं, तब हमें देशभक्त कवि सुब्रमण्यम भारती के ये शब्द याद आते हैं-

आओ, आओ, आओ और अपने सपनों को साकार करो, पूरा देश एकजुट होकर आगे बढ़े और समृद्ध बने, आओ, आओ, आओ और कोई महान कार्य करके दिखाओ। युवाओं के लिए पिछले दस वर्षों में ही 13 नए आईआईटी स्थापित किए गए हैं, जिससे देश में आईआईटी की कुल संख्या बढ़कर 23 हो गई है। इसी तरह आईआईएम की संख्या 13 से बढ़कर 21 हो गई है। एम्स की संख्या 7 से बढ़कर 23 हो चुकी है और मेडिकल कॉलेजों की संख्या 37 से बढ़कर 823 हो गई है। यह गर्व की बात है कि मेडिकल छात्रों के लिए सीटों की संख्या 51,348 से बढ़कर 1,29,603 हो गई है। हम विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे की दिशा में भी तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय रेलवे का लगभग 99 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। देशभर में 164 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों ने रेल यात्रा के एक नए युग की शुरुआत की है। हवाई अड्डों की संख्या भी 74 से बढ़कर 163 हो गई है और उड़ान योजना के तहत आम लोगों के लिए हवाई यात्रा सुलभ हुई है।

तमिलनाडु के लिए रेलवे बजट का आवंटन, जो एक दशक पहले लगभग ?880 करोड़ था, बढ़कर 2026–27 में ?7,600 करोड़ हो गया है। तमिलनाडु में यह खुशी की बात है कि रामेश्वरम और पंबन के बीच नया पंबन ब्रिज बनाया गया है, जो भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज है। यह आध्यात्मिक पर्यटन और आर्थिक विकास के लिए एक नया अवसर बनकर उभरा है। चाहे चिनाब ब्रिज हो या बोगीबील पुल, भारत अब आधुनिक बुनियादी ढांचे के नए आयाम स्थापित कर रहा है। भारत के विकास के लिए देश भर में विश्व स्तरीय चार-लेन और आठ-लेन की सड़कों के साथ-साथ सुदूर गांवों तक सड़क संपर्क को मजबूती से विकसित किया गया है। तमिलनाडु में पिछले 10 वर्षों में 4,000 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए हैं। वहीं पूर्वोत्तर राज्यों में पिछले 10 वर्षों के दौरान लगभग 7,200 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ है। ये सभी विकास कार्य 'प्रगति' के तहत प्रधानमंत्री की करीबी निगरानी के कारण संभव हो पाए हैं। प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं तथा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों ने क्रमशः अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को बहुत लाभ पहुंचाया है। मेरा हमेशा यह विश्वास रहा है कि विकास केवल सामाजिक वर्गों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसमें सभी क्षेत्रों की भागीदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए। जो सीमावर्ती गांव कभी भारत के अंतिम गांव माने जाते थे, वे अब देश के प्रथम गांव बन चुके हैं और वाइब्रेंट विलेज स्कीम के माध्यम से उनका विकास किया जा रहा है। मुझे खुशी के साथ याद आता है कि प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर राज्यों को देश की अष्टलक्ष्मी कहा था। हाल ही में जब मैंने नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का दौरा किया, तब वहां परिवहन और बुनियादी ढांचे में जबरदस्त सुधार देखने को मिला।

विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में देश ने जो प्रगति हासिल की है, वह हम सभी को गर्व से भर देती है। तकनीक से लेकर चिकित्सा तक, हर क्षेत्र में तेज़ी से विकास हो रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने वैक्सीन निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई और स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर बहुत कम समय में सभी को मुफ्त उपलब्ध कराई। भारत ने मानवीय संवेदना के साथ दुनिया के 100 से अधिक देशों को भी वैक्सीन उपलब्ध कराई, जिससे विश्व इतिहास में एक विशेष स्थान बनाया। चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग ने भारत को उन्नत अंतरिक्ष अनुसंधान के नए युग में पहुंचा दिया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में वैश्विक कंपनियां भारत को अपना केंद्र बना रही हैं, जिससे निवेश में कई गुना वृद्धि हुई है। भारत अब सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में दुनिया के लिए एक मॉडल बनकर उभर रहा है। मोबाइल फोन उत्पादन में भी हमने विश्व में दूसरा स्थान हासिल किया है। जो भारत कभी मोबाइल फोन आयात करता था, वही आज 300 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के मोबाइल फोन निर्यात करने वाला देश बन चुका है। ये सभी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के समृद्ध भविष्य की मजबूत नींव बनेंगी।

कई दशकों तक हमारे देश ने केवल आतंकवाद ही नहीं, बल्कि उग्रवाद और वामपंथी चरमपंथ जैसी चुनौतियों का भी सामना किया है। साहसिक नीतिगत फैसलों और कानून के सख्त पालन के माध्यम से आज देश में शांति स्थापित हुई है और इन क्षेत्रों में विकास के द्वार खुले हैं। हमने यह लक्ष्य निर्धारित किया है कि 2047 तक, यानी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने तक, भारत एक अग्रणी वैश्विक शक्ति बने और दुनिया का मार्गदर्शन करने की स्थिति में पहुंचे। स्वामी विवेकानंद के ये शब्द हमें प्रेरणा देते हैं और दिशा भी दिखाते हैं- मेरे भाइयों, आइए हम सब मिलकर कड़ी मेहनत करें। यह सोने का समय नहीं है। भारत का भविष्य हमारे प्रयासों पर निर्भर करेगा। आइए हम सब मिलकर अपनी कड़ी मेहनत से एक विकसित भारत का निर्माण करें। (लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं )

# अब नाम नहीं, काम चलेगाः कर्नाटक से कांग्रेस का सशक्त संदेश

दिलीप कुमार पाठक


कांग्रेस पार्टी आजकल जिस तरह धड़ाधड़ और कड़े फैसले ले रही है, उसकी जरूरत उसे बहुत पहले से थी। राजनीति का एक सीधा नियम है - जो नेता वक्त की चाल को नहीं समझ पाता, वो धीरे-धीरे पीछे छूट जाता है। हाल के दिनों में कांग्रेस आलाकमान ने जो फैसले लिए हैं, उसने यह साफ कर दिया है कि अब पार्टी में कोई भी नेता संगठन से बड़ा नहीं है। यह बदलाव कांग्रेस के उन आम कार्यकर्ताओं के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी है, जो जमीन पर रहकर दिन-रात मेहनत करते हैं। एक पुराना दौर था जब कांग्रेस में फैसले लेने में बहुत देर लगाई जाती थी। बड़े नेताओं की जिद के आगे आलाकमान को झुकना पड़ता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। राजस्थान का उदाहरण सबके सामने है, पार्टी कभी अशोक गहलोत को राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसा सबसे बड़ा और सम्मानजनक पद देना चाहती थी। लेकिन उस समय उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने का मन नहीं था। उन्होंने वक्त की मांग को नहीं समझा। नतीजा यह हुआ कि समय बदला और आज उन्हें संगठन में एक महासचिव बनने के लिए भी कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। राजनीति का यही दस्तूर है - जो समय की कद्र नहीं करता, समय उसकी कद्र नहीं करता।

अशोक गहलोत और कमलनाथ जैसे पुराने नेताओं के लिए यह संभल जाने का आखिरी मौका है। इन बड़े नेताओं को अब यह बात समझ लेनी चाहिए कि अपनी जिद छोड़कर नई पीढ़ी को आगे बढ़ाना ही असली समझदारी है।



दूसरी तरफ, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैय्या ने पूरे देश के नेताओं के सामने एक बहुत सुंदर मिसाल पेश की है, उन्होंने उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को को गले लगा कर आशीर्वाद दिया और एलान किया कि अगले मुख्यमंत्री होंगे, ये होता है पार्टी के लिए अनुशासन आज वे सिर्फ अपने राज्य के नहीं, बल्कि पूरे देश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के चहेते नेता बन गए हैं। जब भी पार्टी पर कोई मुश्किल आई या आलाकमान ने कोई कड़ा फैसला सुनाया, सिद्धरमैय्या ने हमेशा पार्टी की बात को ऊपर रखा। उन्होंने अपनी निजी इच्छाओं को किनारे रखकर संगठन को मजबूत करने का काम किया। यही वजह है कि आज पूरी पार्टी में उनका मान-सम्मान बहुत बढ़ गया है।

उत्तर भारत के कांग्रेस नेताओं को इस बात से बहुत कुछ सीखना चाहिए। सच कहें तो दक्षिण भारत की राजनीति ने उत्तर के नेताओं को हमेशा एक नया आईना दिखाया है। इतिहास गवाह है कि जब भी कांग्रेस पार्टी पर कोई बड़ा संकट आया है, दक्षिण भारत ने हमेशा उसे सहारा दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जमाने से लेकर आज के दौर तक, दक्षिण के नेताओं ने पार्टी को मुश्किल दिनों से निकाला है। आज मल्लिकार्जुन खड़गे और सिद्धरमैय्या जैसे नेता जिस तरह सूझबूझ से काम कर रहे हैं, वह उत्तर भारत के बड़े-बड़े क्षत्रपों के लिए एक बड़ा सबक है। कांग्रेस का यह नया रूप बता रहा है कि अब सिर्फ पुरानी साख या बड़े नाम के भरोसे मलाईदार पद मिलने के दिन चले गए हैं। अब पार्टी में उसी को तवज्जो मिलेगी जो जमीन पर पसीना बहाएगा और अनुशासन में रहेगा। यह बदलाव पार्टी के उन लाखों कार्यकर्ताओं में नई जान फूंक रहा है जो सालों से बिना किसी स्वार्थ के झंडा उठा रहे हैं। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की जोड़ी ने यह साफ संदेश दे दिया है कि अब कड़े फैसले लेने में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। इस बदलते हुए दौर की कांग्रेस में अब भावुकता की जगह काम को देखा जा रहा है। पुरानी वफादारी का सम्मान जरूर है, लेकिन पार्टी को कमजोर करने की छूट अब किसी को नहीं मिलेगी। समय रहते अगर पुराने और वरिष्ठ नेता इस सच्चाई को स्वीकार कर लें, तो इसी में उनका सम्मान बचा रहेगा और इसी में कांग्रेस पार्टी का फायदा भी है।(लेखक पत्रकार हैं)




**मेष राशि :** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा बड़ा मामला सुलझ सकता है। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है। कारोबार में बढ़िया लाभ होने की संभावना बन रही है। करियर में आज कुछ नए बदलाव होने वाला है, तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके जीवन में नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा अचानक धन लाभ होगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है.. जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज कारोबार में व्यस्तता और दौड़ भाग से कुछ राहत मिलेगी और नई गतिविधियों की तरफ आप ध्यान दे पाएंगे।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। ऑफिस में आज आपके सजेशन से महत्वपूर्ण डील फाइनल हो जाएगी जिससे प्रसन्न होकर बास आपकी पदोन्नति कर सकता है। विरोधी पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। आज कुछ अनुभवी लोगों से आपकी मुलाकात होगी।

**कर्क राशि :** आज का दिन नई खुशियां लेकर आने वाला है। काफी दिनों पहले शुरू किया गया विशेष कार्य आज पूरा हो जायेगा निकट भविष्य में जिसका परिणाम सकारात्मक होगा। जीवन के महत्वपूर्ण फैसले जज्बाती होकर नहीं लें और घर के वरिष्ठ जनों की राय अवश्य लें। टेक्नॉलॉजी के क्षेत्र से जुड़े लोगों को नौकरी के लिए सुनहरे अवसर मिलेंगे।

**सिंह राशि :** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा जिससे कंफ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज ख़र्च में होने वाला इजाफे से आपके बजट में उतार चढ़ाव हो सकता है। आज कुछ निजी काम में भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। नवविवाहित दंपति आज किसी धार्मिक दर्शन पर जा सकते हैं।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए ताजगी से भरा रहने वाला। इस राशि के कारोबारी आज के दिन अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें इससे आप किसी भी भारी नुकसान से बचे रहेंगे।

**तुला राशिः** आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिये फायदेमंद रहेगा। धनलाभ के नये आसार बनेंगें।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी ज़रूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक व्यक्तित्व लोगों का ध्यान अपनी तरफ़ खींचेगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिये अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगे तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नति का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आयेंगे। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। जिससे दोस्ती में और भी मजबूती आयेगी।

**मकर राशिः** आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगे। पुरानी उलझन आज खत्म होगी। इस राशि के जो लोग पयर्टन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। आज आप काम के प्रति सचेत रहें और विरोधी आपके व्यापार को नुकसान पहुंचाने की नाकामयाब कोशिश कर सकता है।

**कुंभ राशिः**आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के नवविवाहित दंपति को आज किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा।

**मीन राशिः**आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी करेंगे। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें वरना आपका अधिक समय फिजूल के कामों में निकल जायेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें। इससे आपको प्रसन्नता मिलेगी।

# बदलता इंफ्रास्ट्रक्चर, बढ़ता भारतः रायपुर-विशाखापट्टनम कॉरिडोर से खुलेगा तरक्की का द्वार

भारत आज तीव्र गति से आधुनिक बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) और सुदृढ़ आर्थिक नेटवर्क के निर्माण की दिशा में अग्रसर है। सड़क, रेल, बंदरगाह और लॉजिस्टिक्स को एकीकृत करते हुए देश को आर्थिक रूप से अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास निरंतर जारी है। विकास के इसी दूरदर्शी दृष्टिकोण का एक उत्कृष्ट उदाहरण रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर है। यह कॉरिडोर केवल दो शहरों को जोड़ने वाली सड़क परियोजना नहीं है, बल्कि यह ष्नए भारत की नई रफ्तारष् का प्रतीक है, जो उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार के नए क्षितिज खोलने जा रहा है। मध्य-पूर्वी समुद्री तट को जोड़ने वाला महामार्गः रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर देश के मध्य भाग को पूर्वी समुद्री तट से जोड़ने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण आर्थिक मार्ग है। यह छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी (संपर्क) स्थापित करेगा, जिससे सड़क परिवहन, लॉजिस्टिक नेटवर्क और औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इस परियोजना को प्रधानमंत्री की गति शक्ति और आत्मनिर्भर भारत की सोच को धरातल पर उतारने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

विकास का मूलमंत्र : किसी भी राज्य या देश के विकास का सबसे मजबूत आधार उसका इंफ्रास्ट्रक्चर होता है। जहां विश्वस्तरीय सड़कें, सुगम परिवहन और अत्याधुनिक लॉजिस्टिक सुविधाएं होती हैं, वहां उद्योगों का तेजी से विस्तार होता है और निवेश आकर्षित होता है। यह कॉरिडोर माल परिवहन को अधिक तीव्र, सुरक्षित और लागत प्रभावी (कम खर्चीला) बनाएगा। इसके परिणामस्वरूप उद्योगों को कच्चा माल आसानी से उपलब्ध होगा और तैयार उत्पाद कम से कम समय में बाजार तक पहुंच सकेंगे। चूंकि विशाखापट्टनम बंदरगाह देश के प्रमुख समुद्री द्वारों में से एक है, इसलिए इस कॉरिडोर के माध्यम से छत्तीसगढ़ को सीधे पोर्ट कनेक्टिविटी मिलेगी। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि राज्य के उद्योगों की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सीधी पहुंच स्थापित होगी, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी। छत्तीसगढ़ को मिलने वाले प्रमुख लाभ रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित होने वाला है। छत्तीसगढ़ खनिज संपदा, ऊर्जा



संसाधनों, कृषि और वनोपज से समृद्ध राज्य है। यहाँ लौह अयस्क, कोयला, बॉक्साइट और स्टील उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। पूर्व में बेहतर परिवहन और लॉजिस्टिक नेटवर्क के अभाव के कारण उद्योग अपनी पूरी क्षमता का लाभ नहीं उठा पाते थे, परंतु यह कॉरिडोर इन चुनौतियों को समूल समाप्त कर देगा।

**औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन-** कॉरिडोर के निर्माण से रायपुर, दुर्ग, भिलाई, धमतरी, कांकेर और जगदलपुर जैसे क्षेत्रों में नए औद्योगिक क्लस्टर्स विकसित होंगे। स्टील, सीमेंट, एल्युमिनियम, खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) और एमएसएमई (लघु उद्योगों) को एक नई ऊर्जा मिलेगी, जिससे घरेलू और विदेशी निवेशकों का रुझान इस क्षेत्र की ओर तेजी से बढ़ेगा। रोजगार के नए अवसरों का सृजनः इतनी बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजना के आने से रोजगार के अवसर भी आनुपातिक रूप से बढ़ते हैं। सड़क निर्माण, वेयरहाउसिंग, लॉजिस्टिक पार्क्स, नई औद्योगिक इकाइयों और परिवहन सेवाओं के माध्यम से हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में जीविकोपार्जन के साधन मिलने से पलायन की समस्या पर काफी हद तक रोक लगेगी।

**बस्तर क्षेत्र का कायाकल्पः** यह कॉरिडोर बस्तर संभाग के लिए विशेष रूप से परिवर्तनकारी सिद्ध होगा। लंबे समय से विकास की मुख्यधारा से कटे क्षेत्रों में बेहतर सड़क और व्यापारिक संपर्क स्थापित होगा। बस्तर के बहुमूल्य वन उत्पाद, अनूठे हस्तशिल्प, कृषि उपज और लघु उद्योगों को बड़े बाजार तक पहुंच मिलेगी, जिससे आदिवासी समुदायों की आय में वृद्धि होगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

कृषि और वनोपज को सही मूल्यः छत्तीसगढ़ देश में धान के कटोरे के रूप में प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त यहाँ मक्का, दलहन, फल और लघु वनोपज का भी प्रचुर मात्रा में उत्पादन होता है। बेहतर परिवहन व्यवस्था से किसानों और वनोपज संग्राहकों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में सुगमता होगी। परिवहन लागत घटने से सीधे तौर पर किसानों का मुनाफा बढ़ेगा।

**पर्यटन उद्योग को नई उड़ान :** चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, सिरपुर और बस्तर के सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों तक पहुंच सुगम होने से राज्य में पर्यटन उद्योग को भारी बढ़ावा मिलेगा। इससे होटल, गाइड, स्थानीय परिवहन और हस्तशिल्प व्यवसायियों की आय दोगुनी होगी।

**व्यापार और निर्यात में ऐतिहासिक वृद्धिः** विशाखापट्टनम पोर्ट तक आसान और तेज पहुंच से छत्तीसगढ़ के उद्योगों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता (कॉम्पिटिटिवनेस) बढ़ेगी। संक्षेप में कहें तो, रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर महज एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता का नया महामार्ग है। यह छत्तीसगढ़ को देश के एक प्रमुख औद्योगिक और व्यापारिक हब के रूप में स्थापित करने का सामर्थ्य रखता है। मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर ही सशक्त अर्थव्यवस्था की नींव होता है, और यही परियोजना आने वाले समय में छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। नए भारत की नई रफ्तार का यह कॉरिडोर देश के हर कोने को प्रगति की साझा मुख्यधारा से जोड़ने का एक जीवंत माध्यम है।

मुख्यमंत्री का विजनः छत्तीसगढ़ की समृद्धि का महामार्ग, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर हमारे छत्तीसगढ़ की आर्थिक रीढ़ बनने जा रहा है। हमारा राज्य खनिज संपदा, कृषि और समृद्ध वनोपज से परिपूर्ण है, लेकिन वैश्विक बाजारों तक सीधी और तीव्र पहुंच न होने से हमारे उद्यमियों और किसानों को अपनी क्षमता का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। यह कॉरिडोर हमारी इस भौगोलिक चुनौती को अवसर में बदल देगा। विशाखापट्टनम बंदरगाह से सीधे जुड़ने के बाद छत्तीसगढ़ का स्टील, हस्तशिल्प और कृषि उत्पाद सीधे अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपनी धाक जमाएंगे।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# वैभव टी20 टीम के लिए तैयार पर अभी टेस्ट में शामिल नहीं कर सकते : सौरव गांगुली

एजेंसी, कोलकाता

15 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में अपनी धमाकेदार बल्लेबाजी के कारण छाये हुए हैं। वैभव ने जिस प्रकार से पिछले एक साल में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उससे उन्हें भारतीय टीम में शामिल करने की मांग उठने लगी है। वैभव ने आईपीएल से पहले अंडर-10 विश्वकप और घरेलू रणजी ट्रॉफी में भी अच्छी बल्लेबाज की थी। वैभव ने आईपीएल के 19 वें सत्र में 500 से अधिक रन बना दिये हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और निडर होकर किसी भी गेंदबाज पर हावी होने की क्षमता को देखते हुए, कई दिग्गज क्रिकेटरों ने उन्हें भारतीय टीम में शामिल करने की मांग की है। विशेष रुप से टी20 प्रारूप में, जहां के लिए उनकी आक्रामक शैली सटीक है। वहीं भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा




है कि वैभव को भारतीय टी20 टीम में तो अभी शामिल किया जा सकता है पर टेस्ट टीम के लिए अभी उन्हें शामिल करना ठीक नहीं है। गांगुली के अनुसार वैभव को सभी इसके लिए इंतजार की जरुरत है। वैभव को राष्ट्रीय टीम में शामिल किये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि टी20 प्रारूप में उन्हें बिना देर किए शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि उनका खेल इस प्रारूप की मांग के अनुरूप है पर जहां तक टेस्ट क्रिकेट की बात है इसके लिए अभी समय है। टेस्ट टीम में अपनी जगह बनाने के लिए, वैभव को अभी प्रथम श्रेणी क्रिकेट में और अधिक रन बनाने होंगे और अपने को हालातों के अनुकूल ढालना होगा और लाल गेंद क्रिकेट की चुनौतियों का सामना करना होगा। टेस्ट प्रारूप के लिए धैर्य और गहरी तकनीकी समझ और अनुभव की जरुरत है।

गांगुली ने वैभव की असाधारण प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए आगे कहा, "हालांकि, इसमें कोई संदेह नहीं कि वह इस समय वास्तव में बेहद प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी हैं। दुनिया के किसी भी शीर्ष गेंदबाज के सामने एक 15 साल के लड़के को इस आत्मविश्वास और कुशलता के साथ बल्लेबाजी करते देखना अविश्वसनीय है। वह जिस तरह से गेंदबाजों पर हावी होते हैं, वह उनकी मानसिक दृढ़ता और स्वाभाविक क्षमता का प्रमाण है। वह निश्चित रूप से भारत का उज्ज्वल भविष्य हैं और उनमें अपार क्षमता है।"

गांगुली का यह बयान ऐसे समय आया है जब भारतीय क्रिकेट युवा प्रतिभाओं की तलाश में है। वैभव की आईपीएल में धमाकेदार प्रदर्शन ने भारतीय क्रिकेट प्रेमियों और विशेषज्ञों दोनों में एक नई उम्मीद जगाई है।

## जून में होगा रग्बी महिला प्रीमियर लीग का आयोजन

### 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गचीबाउली स्टेडियम में होंगे मुकाबले

एजेंसी, हैदराबाद

रग्बी महिला प्रीमियर लीग (आरपीएल) मुकाबलों का आयोजन अगले माह जून में होने जा रहा है। आयोजकों के अनुसार इस लीग के आयोजन से देश में महिला रग्बी खिलाड़ियों को प्रौत्साहन मिलेगा। हैदराबाद के गचीबाउली स्टेडियम में ये टूर्नामेंट 16 से 28 जून तक खेला जागा। इसमें चार फ्रेंचाइजी टीमें खिताब के लिए टकरायेंगी। इनमें चेन्नई बुल्स, दिल्ली रेड्ज, मुंबई ड्रीमर्स और कोलकाता बंगा टाइगर्स शामिल हैं। इन लीग को प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट घरानों के समर्थन से भी लाभ होगा।



इस लीग का आयोजन जीएमआर स्पोर्ट्स और रग्बी इंडिया मिलकर कर रहे है। ये दोनो ही देश में रग्बी के विकास और प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन एक रोमांचक प्रक्रिया के माध्यम से होगा। चार महिला टीमों और छह पुरुष टीमों (जिनमें मेजबान हैदराबाद हीरोज और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स जैसे नाम शामिल हैं) के लिए खिलाड़ियों का ड्राफ्ट और नीलामी 30 अप्रैल को हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। इस लीग से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन दिखाने का अच्छा अवसर मिलेगा।

पिछले साल मुंबई में रग्बी प्रीमियर लीग के पहले सफल सत्र का आयोजन किया गया था, और अब महिला टूर्नामेंट की शुरुआत से लीग का दायरा और महत्व काफी बढ़ गया है। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने इस ऐतिहासिक पहल पर अपनी खुशी और उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ''रग्बी इंडिया में हमारा हमेशा से यह सपना रहा है कि आरपीएल का महिला टूर्नामेंट भी हो। इस साल हमारा वह सपना पूरा हो रहा है और हम इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह महिला एथलीटों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का एक अद्भुत मंच प्रदान करेगा, साथ ही देश में रग्बी के प्रति जुनून को और बढ़ाएगा।

## ऑरेंज कैप की दौड़ में वैभव, पर्पल कैप की दौड़ में भुवनेश्वर सबसे आगे

एजेंसी, मुम्बई

आईपीएल 2026 के लिए ऑरेंज कैप के मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी सबसे आगे हैं। उन्हें अब दो ही खिलाड़ियों से टक्कर मिल रही है। वैभव ने इस सीजन में अब तक 15 मैचों में 45.33 की औसत और अविश्वसनीय 242.86 के स्ट्राइक रेट के साथ कुल 680 रन बनाए हैं। ऑरेंज कैप के लिए वैभव की टक्कर अब गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन से हैं, जिन्होंने 652 रन बनाए हैं। वैभव और साई के बीच रनों का अंतर मात्र 28 रनों का है। वहीं । गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल



भी इस दौड़ में हैं, जिनके नाम इस सीजन में 618 रन दर्ज हैं। सुदर्शन और शुभमन के पास दूसरे क्वालीफायर-2 में बड़ी पारी खेलकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाने के साथ ही ऑरेंज कैप अपने नाम करने का अच्छा अवसर है। वहीं, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, जिन्होंने 15 मैचों में 600 रन बनाए हैं। ऑरेंज कैप की दौड़ में काफी पीछे रह गए हैं। वह सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में छठे स्थान पर हैं। उनके पास फाइनल में बड़ी पारी खेलकर नंबर एक बनने का अवसर है। दूसरी ओर पर्पल कैप की सूची में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार शीर्ष पर है। भुवनेश्वर ने 15 मुकाबलों में 18.15 की औसत से 26 विकेट लिए हैं। वहीं गुजरात टाइटंस के गेंदबाज कगिसो रबाडा 15 मुकाबलों में 26 विकेट के साथ दूसरे पायदान पर मौजूद हैं जबकि जोफ्रा आर्चर 24 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर चल रहे हैं।

## आईपीएल 2026 में लीग स्तर पर ही बने कई नये रिकार्ड

**एजेंसी, मुम्बई ।** आईपीएल के 19 वें सत्र के लीग स्तर पर ही कई नये रिकार्ड बने हैं। वहीं कई पुराने रिकार्ड टूटे हैं। इस सत्र में हुए 70 लीग मैचों में पांच ऐसे बड़े रिकार्ड बने हैं जिससे आईपीएल एक नये युग में पहुंच गया। कई दिग्गज भी इन आंकड़ों को देखकर हैरत में पड़ गये हैं। इस सत्र में उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कई नये रिकार्ड बनाये। आक्रामक बल्लेबाजी से बड़े-बड़े गेंदबाजों को नाकाम कर दिया। वैभव ने लीग स्तर के 14 मैचों में ही कुल 583 रन बना दिये थे। इस प्रकार वह आईपीएल इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने एक सत्र में 500 से अधिक रन बनाए हैं। वैभव ने 53 छक्के लगाकर एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह एक सत्र में 500 रन और 50 छक्कों का आंकड़ा हासिल करने वाले पहले भारतीय और दुनिया के सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। व्यक्तिगत चमक में चेन्नई सुपर किंग्स के उर्विल पटेल ने भी इतिहास रचा। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सिर्फ 13 गेंदों में ही अर्धशतक लगाकर यशस्वी जायसवाल के सबसे तेज आईपीएल अर्धशतक के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। यह पिछले तीन सालों में इस रिकॉर्ड की पहली बराबरी है, जिसने प्रशंसकों को हैरान कर दिया।

## वैभव ने तोड़े बाउंड्री और छक्कों के सभी रिकॉर्ड

एजेंसी, मुम्बई

**मुल्लांपुर।** राजस्थान रॉयल्स की ओर से आईपीएल के 19 वें सत्र में धमाकेदार बल्लेबाजी रने वाले वैभव सूर्यवंशी ने 15 साल की उम्र में ही बाउंड्री और छक्कों को लेकर सभी रिकार्ड तोड़ दिये हैं। वैभव ने इस सत्र में कुल 680 रन बनाये हैं जिसमें से उन्होंने 610 रन केवल बाउंड्री से बनाये हैं। इसमें 55 चौके और एक आईपीएल सत्र में सबसे अधिक 65 छक्के हैं, जो एक नया रिकार्ड है। कई पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि यदि वैभव अगले दो दशकों तक इसी प्रकार क्रिकेट



खेलता रहा, तो वह कई और रिकॉर्ड तोड़ देगा। वैभव की बल्लेबाजी का अंदाज़ इतना आक्रामक रहा है कि कुल रनों में से 57 फीसदी रन केवल छक्कों से बने हैं। वहीं वेस्ट इंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज रहे क्रिस गेल ने कुल 733 रन बनाए थे जिसमें उन्होंने 59 छक्के लगाये थे। इसका अर्थ ये है कि उनके 48 फीसदी रन छक्कों से बने थे। वैभव ने न केवल गेल के सर्वाधिक छक्कों के रिकॉर्ड को तोड़ा है, बल्कि छक्कों के माध्यम से रन बनाने के प्रतिशत के मामले में भी उन्हें पीछे छोड़ दिया है, जिससे पता चलता है कि वह किस असाधारण प्रतिभा के धनी हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में वैभव ने 28 गेंदों पर 97 रन बना दिये। अपनी इस पारी में इस बल्लेबाज ने 12 छक्के और 5 चौके लगाये।

# बिजनेस

## गोयल ने कनाडा दौरे में मजबूत आर्थिक संबंधों, सीईपीए वार्ता पर दिया जोर

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कनाडा की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा संपन्न की, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय आर्थिक जुड़ाव को गहरा करना और भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लिए वार्ताओं में तेजी लाना था।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गोयल ने कनाडा में अब तक के सबसे बड़े भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसमें 100 से अधिक भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल थे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने टोरंटो और ओटावा में नीति-निर्माताओं, निवेशकों, व्यापारिक नेताओं, शिक्षाविदों और भारत-कनाडाई समुदाय के सदस्यों के साथ उच्चस्तरीय बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य व्यापार,




प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, नवाचार और उन्नत विनिर्माण के क्षेत्रों में सहयोग को सुदृढ़ करना था। इस दौरान भारत और कनाडा ने 2030 तक अपने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने की भी अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है, जो अभी यह व्यापार 8.5 अरब डॉलर का है। वाणिज्य मंत्री की इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सीईपीए के लिए चल रही बातचीत को तेज करना और प्रौद्योगिकी, विनिर्माण तथा स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्रों में संबंधों को मज़बूत बनाना था। गोयल ने निवेश और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए शिक्षाविदों, ओंटारियो के प्रीमियर और व्यापार जगत के नेताओं के साथ चर्चा की। गोयल ने इस यात्रा के दौरान टोरंटो में शिक्षा जगत, नवाचार, सरकार, व्यापार परिषदों, संस्थागत निवेशकों और भारतीय प्रवासी समुदायों के साथ कई महत्वपूर्ण और प्रभावशाली बैठकें कीं। इन बैठकों ने भारत-कनाडा आर्थिक साझेदारी में बनी निरंतर गति को और सुदृढ़ किया और निवेश, तकनीकी सहयोग तथा दीर्घकालिक साझेदारियों के लिए एक प्रमुख वैश्विक गंतव्य के रूप में भारत के उभरने को रेखांकित किया।

## सेल ने सीएसआर पहल के तहत स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम के लिए एडसिल के साथ साझेदारी की

एजेंसी, नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर पहल के तहत "स्मार्ट डिजिटल क्लासरूम" स्थापित करने के लिए एडसिल इंडिया लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस्पात मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि देश की सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक और महारत्न कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और शिक्षा मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की उपक्रम एडसिल इंडिया ने सेल के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 26 मई को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

मंत्रालय ने कहा कि सेल और एडसिल के बीच इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर सेल के निदेशक (कार्मिक), के. के. सिंह की उपस्थिति में किया गया।




इस अवसर पर सेल और एडसिल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस समझौते के तहत सेल के परिचालन क्षेत्रों के आसपास स्थित स्कूलों में 'स्मार्ट डिजिटल क्लास रूम्स' स्थापित किए जाएंगे।

इस्पात मंत्रालय ने बताया कि इस सहयोग का उद्देश्य समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना और सीखने के परिणामों (लर्निंग आउटकम्स) को और आगे ले जाना है। ये परियोजना सीधे तौर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल विकास लक्ष्य-4 (एसडीजी-4) के उद्देश्यों के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य अन्य बातों के साथ-साथ सभी के लिए समावेशी, न्यायसंगत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सीखने के अवसर सुनिश्चित करना है।

## स्टॉक मार्केट में आज बकरीद की छुट्टी, एमसीएक्स पर शाम के सत्र में होगा सामान्य कारोबार

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में आज बकरीद के मौके पर छुट्टी है। छुट्टी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में आज कोई कारोबार नहीं हो रहा है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की तरह ही मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में भी बकरीद की छुट्टी होने की वजह से आज दिन के पहले सत्र में यानी सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कारोबार नहीं हो रहा है। हालांकि एमसीएक्स में शाम पांच बजे से रात 11:30 तथा 11:55 बजे तक दूसरे सत्र में सामान्य कारोबार होगा। स्टॉक एक्सचेंज द्वारा उपलब्ध



कराई गई जानकारी के अनुसार बकरीद की छुट्टी होने के कारण बीएसई में इक्विटी सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट, करेंसी डेरिवेटिव्स सेगमेंट्स, न्यू डेट सेगमेंट- रिपोर्टिंग, सेटलमेंट एंड ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म (एनडीएस-आरएसटी), ट्राई पार्टी रेपो, इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीप्ट्स (ईजीआर), कमोडिटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट सभी के लिए ट्रेडिंग हॉलिडे है। इसी तरह एनएसई में भी बकरीद की छुट्टी होने के कारण इक्विटीज, इक्विटी डेरिवेटिव्स, कॉरपोरेट बॉन्ड्स, न्यू डेट सेगमेंट्स, निगोशिएटेड ट्रेड रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म, म्यूचुअल फंड्स, सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बॉरोइंग स्कीम्स, करेंसी डेरिवेटिव्स, कमोडिटी डेरिवेटिव्स और इंट्रेस्ट रेट डेरिवेटिव्स सभी सेगमेंट्स में छुट्टी है। इनमें आज कोर्इ कारोबार नहीं होगा। स्टॉक मार्केट के हॉलिडे कैलेंडर के अनुसार मई के महीने में आज की बकरीद की छुट्टी होने के बाद जून के महीने में सिर्फ एक दिन 26 जून को मोहर्रम के कारण स्टॉक मार्केट में कारोबार नहीं होगा। इसके बाद जुलाई और अगस्त में स्टॉक मार्केट में साप्ताहिक छुट्टियों के अलावा और कोई छुट्टी नहीं होगी।

## सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में गिरावट जारी

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में कमजोरी का रुख लगातार जारी है। हालांकि चांदी के भाव में आज लगातार तीसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर हिस्सों में आज शुरुआती कारोबार के दौरान ये चमकीली धातु आज 550 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ती हो गई है। वहीं चेन्नई में सोने की कीमत में शुरुआती कारोबार के दौरान 800 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 870 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। भाव में आई गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,58,280 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,59,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,45,090 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,58,430 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,58,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत




1,58,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,59,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,46,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,58,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,58,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,45,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,58,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,58,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,45,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,58,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,45,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,58,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,45,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# चांद मेरा दिल को चौथे दिन झटका, किया अब तक का सबसे कम कारोबार, औंधे मुंह गिरी पति पत्नी और वो दो



अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की रोमांटिक ड्रामा फिल्म चांद मेरा दिल कारोबारी दिनों में लौट आई है। हैरानी की बात यह है कि शुरुआती दिन में आंकड़ों में भारी गिरावट देखने को मिली है। फिल्म के लिए आने वाले दिन कितने मुश्किल हो सकते हैं, इसका अंदाजा अभी से लगाया जा सकता है। दूसरी ओर, आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म पति पत्नी और वो दो की कमाई भी नीचे आने लगी है।

सैकनिल्क के मुताबिक, चांद मेरा दिल ने अपने पहले सोमवार को यानी चौथे दिन 2.25 करोड़ रुपये कमाए हैं। यह अब तक का सबसे कम कलेक्शन है, क्योंकि इसने तीसरे दिन 4.25 करोड़ रुपये, दूसरे दिन 3.75 करोड़ रुपये और पहले दिन 3 करोड़ रुपये कमाए थे। 4 दिनों में यह सिर्फ 13.25 करोड़ रुपये जुटा पाई है। ऐसा लगता है कि 20 करोड़ कमाने में फिल्म को पूरा हफ्ता लग जाएगा, क्योंकि असली संघर्ष अब शुरू हो गया है। आयुष्मान खुराना की अदाकारी वाली फिल्म 'पति पत्नी और वो दो बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से कमाई कर रही है। दूसरे सोमवार को इसने 1.02 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। दूसरे रविवार को इसने 3.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। 11 दिनों में इस फिल्म ने कुल 37.37 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।



# छोटी सी गलती की भी गुंजाइश नहीं हैदराबादी लहजा सीखने के लिए हंसिका मोटवानी ने की घंटों प्रैक्टिस


फिल्मों में किसी किरदार को निभाना सिर्फ कैमरे के सामने अभिनय करना नहीं होता, बल्कि उस किरदार की सोच, रहन-सहन और बोलने के तरीके को पूरी तरह अपनाना भी होता है। कई कलाकार अपने किरदार को असली दिखाने के लिए महीनों तक तैयारी करते हैं। अभिनेत्री हंसिका मोटवानी भी इन दिनों कुछ ऐसी ही मेहनत करती नजर आ रही हैं। वह नई वेब सीरीज गली में अपने किरदार के लिए हैदराबाद की खास बोली और लहजे को सीखने पर काम कर रही है। अपने किरदार की तैयारी को लेकर हंसिका मोटवानी ने कहा, मुझे इस किरदार के लिए डायलॉग्स बोलने के तरीके पर सबसे ज्यादा काम करना पड़ा। सीरीज की कहानी हैदराबाद के पुराने शहर और चारमीनार इलाके के आसपास की दुनिया को दिखाती है, इसलिए मेरे लिए वहां की बोली को सही तरीके से समझना बेहद जरूरी था। मैं चाहती हूं कि मेरे डायलॉग्स बिल्कुल असली लगें और दर्शकों को ऐसा महसूस हो कि मेरा किरदार उसी माहौल का हिस्सा है। हंसिका मोटवानी ने कहा, मैंने किसी डायलॉग ट्रेनर की मदद नहीं ली। मैंने खुद मेहनत करके अपनी तैयारी की। हालांकि, पूरी टीम साथ बैठकर कई बार वर्कशॉप करती थी, ताकि हर डायलॉग और हर शब्द सही तरीके से बोला जा सके। टीम के साथ बैठकर बार-बार डायलॉग्स पढने और बोलने से मुझे काफी मदद मिली। इससे भाषा की बारीकियों को समझने का मौका मिला। हंसिका ने आगे कहा, यह अनुभव मेरे लिए बिल्कुल नया था। मैंने पहले कभी इस तरह की बोली या लहजे में काम नहीं किया। यही वजह थी कि शुरुआत में मुझे काफी प्रैक्टिस करनी पड़ी। किसी खास बोली में अभिनय करना आसान नहीं होता, क्योंकि अगर एक छोटा सा शब्द भी गलत बोल दिया जाए तो वह तुरंत लोगों को महसूस हो जाता है। छोटी सी गलती भी दर्शकों के तुरंत पकड़ में आ जाती है, इसलिए मैं हर शब्द के उच्चारण और बोलने के अंदाज को लेकर बहुत सावधान रहती थी। उन्होंने कहा, इस किरदार को निभाते समय मैं यह भी समझने की कोशिश कर रही थीं कि उस इलाके के लोग कैसे बात करते हैं, कैसे अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं और किस तरह का लहजा इस्तेमाल करते हैं। जब तक कलाकार किरदार की भाषा को सही तरीके से नहीं समझता, तब तक वह उस किरदार के साथ पूरी तरह न्याय नहीं कर सकता।

## 8वें दिन बनाया रिकॉर्ड
# फिल्म करुप्पू इंडिया के बाद तमिल में 100 करोड़ के क्लब में मारी एंट्री

तमिल एक्टर सूर्या इन दिनों फिल्म करुप्पू की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल का प्रदर्शन कर रही है. इसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं. 15 मई को रिलीज हुई इस फिल्म ने रिलीज के बाद से ही कई रिकॉड्र्स तोड़े. फिल्म ने वर्ल्डवाइड 3 दिनों में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था. वहीं, 6 दिनों में इसने इंडिया में भी ये जादुई आंकड़ा छू लिया था. ऐसे में अब 8वें दिन की कमाई के बाद फिल्म ने तमिल में भी रिकॉर्ड सेट कर दिया है. सूर्या स्टारर फिल्म करुप्पू का बॉक्स ऑफिस पर जलवा दूसरे शुक्रवार को भी देखने के लिए मिल रहा है. सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन 118.21 करोड़ हो चुका है.

- सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने 8वें दिन 7.80 करोड़ की कमाई कर ली है. - वहीं, तमिल में 6.80 करोड़ और तेलुगु में 1 करोड़ का कलेक्शन किया है. - बॉक्स ऑफिस के आंकड़े सैकनिल्क से लिए गए हैं.

सूर्या की फिल्म करुप्पू ने बॉक्स ऑफिस पर 8वें दिन भी एक नया रिकॉर्ड बनाया है. फिल्म अपने दूसरे वीकेंड की शुरुआत होते ही फिर से शानदार कमाई करने लगी है. ऐसे में अब ये तमिल में भी 100 करोड़ क्लब में एंट्री मार ली है. सैकनिल्क के अनुसार, सूर्या की फिल्म का तमिल नेट कलेक्शन 102.90 करोड़ हो चुका है. वहीं, फिल्म ने तेलुगु में 18.75 करोड़ का बिजनेस कर लिया है. आपको बता दें कि फिल्म को इंडिया में सिर्फ दो भाषाओं तमिल और तेलुगु में ही रिलीज किया गया है. इतना ही नहीं, सूर्या ने अपनी ही फिल्म कंगुवा की कमाई को भी पछाड़ दिया है. सैकनिल्क के मुताबिक, सूर्या और बॉबी देओल स्टारर ये बड़े बजट की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी. इसका तमिल नेट कलेक्शन 39 करोड़ रहा था. इसके अलावा ये रजनीकांत की अन्नाथे को भी पीछे छोड़ चुकी है, जिसका तमिल नेट कलेक्शन 101 करोड़ था. इस लिस्ट में थाला अजित कुमार की फिल्म वलिमई का भी नाम शामिल है, जिसका तमिल नेट कलेक्शन 102 करोड़ था.



# व्हाइट प्लीटेड फ्लैप पैंटसूट में क्वीन ऑफ कान्स ऐश्वर्या राय का ग्लैमरस अवतार नमस्ते कर जीता सबका दिल



कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 के लिए ऐश्वर्या राय बच्चन ने रेड-कार्पेट पर बिल्कुल अलग-अलग अंदाज में नजर आई. ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपने सबसे बोल्ड फैशन मोमेंट्स में से एक को फिनाले के लिए बचाकर रखा था. जब मशहूर कान्स फिल्म फ़ेस्टिवल 2026 का समापन हुआ, तो बॉलीवुड की इस आइकॉन ने रेड कार्पेट पर एक बेहद शानदार लुक में एंट्री की, जिसने पूरे इंटरनेट को अपना दीवाना बना दिया.

कान्स के फाइनल में ऐश्वर्या राय बच्चन एक क्लासिक सफेद टक्सीडो पहनाना चाहती थीं, जिसमें एक्ट्रेस के कुछ सबसे यादगार ऑन-स्क्रीन लुक्स की झलक हो. इस इंटरनेशनल कान्स फिल्म फेस्टिवल के 79वें संस्करण की समापन सेरेमनी के लिए, क्वीन ऑफ कान्स ने सबसे स्टाइलिश सफेद लुक चुना, एक लेयर्ड टक्सीडो जिसमें पंखों की डिटेलिंग थी, एक फ़ेदर बोआ. हालांकि ऐश्वर्या ने कान्स रेड कार्पेट पर कई बार सफेद रंग के आउटफिट पहने हैं, लेकिन यह टक्सीडो अब तक के उनके सबसे बेहतरीन लुक्स में से एक है. यह आउटफिट चीनी डिजाइनर चेनी चान ने खास तौर पर डिजाइन किया है, और इसकी स्टाइलिंग भारतीय सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट मोहित राय और उनकी टीम ने की है. इंस्टाग्राम पेज बॉलीवुड वीमेन क्लोसेट के अनुसार, उनके गहने यूके स्थित हसनजादेह ज्वेलरी के हैं. एक्ट्रेस ने एक बेहद स्टाइलिश सफेद ब्लेजर पहना था, जिस पर चारों ओर चमकते हुए सेक्विन का काम किया गया था. इसकी बनावट को उभरे हुए कंधों, परतदार नॉच लैपल्स और लेस की कारीगरी से और भी ज्यादा शानदार बना दिया गया था. कमर पर फिटिंग वाली बनावट ने उनकी काया को बेहद खूबसूरती से तराशा, वहीं क्रिस्टल जड़े हुए सामने के क्लोजर ने इस स्ट्रक्चर्ड जैकेट को एक गहने जैसा आकर्षक रूप दिया. इसके नीचे, ऐश्वर्या ने ब्लेजर के साथ एक मैचिंग सफेद बस्टियर पहना था, जिस पर लेस की कढ़ाई की गई थी और जो ब्लेजर के नीचे से हल्की-हल्की झलक रही थी. अपने सिग्नेचर ब्राउन वेवी बालों को खुला छोड़कर, ऐश्वर्या ने अपने लुक को सटल और एलिगेंट मेकअप के साथ पूरा किया. कान्स के प्रतिष्ठित रेड स्टेप्स पर चलते हुए ली गई इस तस्वीर में वह आत्मविश्वास और गरिमा से भरपूर नजर आ रही है. एक मीडिया से बात करते हुए चेनी ने ऐश्वर्या के इस खास लुक के पीछे की अपनी सोच बताई और कहा, मेरे लिए, सफेद रंग उन सबसे दमदार रंगों में से एक है जो मैंने उन पर (ऐश्वर्या पर) देखे हैं. यह रंग मुझे उनकी फिल्मों ताल, मोहब्बतें और देवदास के उनके मशहूर लुक्स की याद दिलाता है.





# क्या गर्मियों में कोल्ड ड्रिंक पीने से पेट की समस्याएं हो सकती हैं? जानें सच्चाई

गर्मियों के दौरान ठंडे पेय पदार्थ का सेवन करना कई लोगों को पसंद होता है, खास तौर पर कोल्ड ड्रिंक का। हालांकि, कुछ लोग मानते हैं कि गर्मी के दौरान कोल्ड ड्रिंक पीने से पेट की समस्याएं हो सकती हैं। क्या वाकई ऐसा होता है? इस लेख में हम इसी भ्रम की सच्चाई जानेंगे और समझेंगे कि क्या वास्तव में कोल्ड ड्रिंक का सेवन करने से पेट की समस्याएं होती हैं या यह सिर्फ एक गलत धारणा है।




**कोल्ड ड्रिंक में मौजूद तत्व :** कोल्ड ड्रिंक में ज्यादा मात्रा में चीनी और नकली फ्लेवर होते हैं, जो सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं। इन तत्वों के कारण वजन बढ़ना, शुगर यानि मधुमेह की बीमारी का खतरा और दांतों की समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि, ये समस्याएं सीधे तौर पर पेट की समस्याओं से जुड़ी नहीं होतीं। अगर आप सीमित मात्रा में कोल्ड ड्रिंक का सेवन करते हैं तो इससे पेट की समस्याएं नहीं होतीं।

**ठंडा पानी बनाम कोल्ड ड्रिंक :** कुछ लोग मानते हैं कि ठंडा पानी भी पेट की समस्याओं का कारण बन सकता है। हालांकि, ठंडा पानी पीने से पाचन पर कोई बुरा असर नहीं पड़ता। ठंडा पानी पीने से पेट में कोई खास फर्क नहीं पड़ता। अगर आप ठंडा पानी पीते हैं तो इससे आपके शरीर को हाइड्रेशन मिलेगा और गर्मी का असर भी काफी हद तक कम हो जाएगा। हालांकि, कोल्ड ड्रिंक से डिहाइड्रेशन होने का डर होता है।

**पाचन पर असर :** कोल्ड ड्रिंक का सेवन करने से पाचन पर असर पड़ सकता है। कोल्ड ड्रिंक पीने से पेट की दीवारों पर असुविधा हो सकती है, जिससे गैस या अपच की समस्या खड़ी हो सकती है। कुछ मामलों में यह समस्या थोड़ी देर बाद सामान्य हो जाती है। हालांकि, अगर जलन और असुविधा बनी रहे तो आपको तुरंत डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। ज्यादा मात्रा में कोल्ड ड्रिंक पीने से ही ऐसा होता है।

**सेहत पर प्रभाव :** अगर आप नियमित रूप से ज्यादा मात्रा में



कोल्ड ड्रिंक का सेवन करते हैं तो इससे सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। ज्यादा मात्रा में चीनी और नकली फ्लेवर होने के कारण यह पेय नुकसानदायक बन जाता है, जो वजन बढ़ने और पेट की समस्याओं का कारण बन सकता है। इसके अलावा इनमें कैफीन होने की वजह से ये कई अन्य समस्याएं भी खड़ी कर सकते हैं। कोल्ड ड्रिंक पीने से नींद उड़ती है और दांत खराब होते हैं।


# टीवीएफ की नई सीरीज द पिरामिड स्कीम का ऐलान, पांच जून को अमेजन प्राइम वीडियो पर देगी दस्तक

द वायरल फीवर (टीवीएफ) ने अपनी नई वेब सीरीज द पिरामिड स्कीम का ऐलान किया है। पहले पोस्टर के साथ इसकी रिलीज तारीख और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म का खुलासा भी कर दिया गया है। आशीष आर शुक्ला और श्रेयांश पांडे के निर्देशन में बनी यह सीरीज महत्वाकांक्षा, लालच और रातोंरात पैसे कमाने के वादे के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही है। इसमें मुख्य किरदारों में परमवीर सिंह चीमा, रणवीर शौरी और शेखर सुमन नजर आएंगे।




सीरीज के पोस्टर में परमवीर और रणवीर नजर आ रहे हैं। उनके पीछे सबसे बड़ा घोटाला और लाखों ठगे गए जैसी हैडलाइन वाले अखबार के पन्ने को दर्शाया गया है। कहानी गोल्डी नाम के एक उद्यमी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बेहतर जिंदगी के लिए खुद को पिरामिड मार्केटिंग की चकाचौंध में खिंचा हुआ पाता है। जल्द ही सीरीज लालच, महत्वाकांक्षा और विश्वासघात की दुनिया में ले जाती है। इसका प्रीमियर 5 जून को अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा।

# As 'Melodi' trends, Delhi court shields original 'Melody'



**New Delhi, Agency:** Just as the internet was busy savouring Prime Minister Narendra Modi's now-viral "Melodi" moment with Italian Prime Minister Giorgia Meloni, the original makers of the beloved Indian toffee were fighting a far less sweet battle in a Delhi courtroom.

While Prime Minister Modi leaned into meme culture by gifting Meloni a packet of Melody during an official interaction, back home the confectionery giant behind the iconic candy was seeking urgent legal protection for the very brand name that had unexpectedly become a diplomatic punchline. District Judge Dipali Sharma recently granted an ex parte injunction in favour of the plaintiffs, restraining the defendants from using the mark "MYDADY", which was alleged to be deceptively similar to the registered trademark "MELODY".

According to the plaint, proprietors Parle Products Ltd and Parle Biscuits Ltd, heirs to the "House of Parle" founded by Mohanlal Dayal Chauhan in 1929, alleged that defendant M/s Bapuji Foods Products adopted the mark "MYDADY" with a trade dress resembling "MELODY". The plea states the plaintiffs adopted "MELODI" and "MELODY" in 1973, 1983 and 1988, respectively, while the defendants claimed use only from July 2019. Observing that the similarities between the competing products were apparent on a bare reading of the material placed before it, Judge Sharma held, "The balance of convenience also lies in favour of the plaintiff and against the defendants, and in the event of denial of relief, the plaintiff would suffer irreparable harm if the injunction is not granted." Based on its findings, the court issued summons to the defendants through all modes for Aug 6, directing them to file written statements, supporting affidavits and documents within 30 days of receipt. The court also appointed a local commissioner, who is an advocate directed to "seize and take charge of all the impugned goods, the records, account books or material" pertaining to the impugned trademark/ label/ trade dress/ colour combination and make an inventory of the same.

# Delhi may hit 46°C before rain brings relief from Thursday



**New Delhi, Agency:** Parts of Delhi are likely to see the mercury touch 46°C on Wednesday, but relief may follow soon, with rain, thunderstorms and gusty winds expected from Thursday under the influence of a western disturbance. Air quality, which slipped to the 'very poor' category on Monday night due to dust intrusion, improved slightly on Tuesday as winds picked up. The AQI was 304 at 9 am, improved to 295 by 11 am and further to 254 by 4 pm, placing it in the 'poor' category, according to the Central Pollution Control Board.

IMD said the maximum temperature at Safdarjung - the city's base station - was 43.5°C on Tuesday, three degrees above normal and unchanged from Monday. Ayanagar was the hottest at 44.8°C, followed by Ridge at 44.6°C.

Despite the high temperatures, no station officially recorded heatwave conditions, though isolated pockets may see them as the maximum is expected to hover between 44°C and 46°C. The IMD defines a heatwave as a departure of 4.5°C or more above normal with the maximum at least 40°C, or when it reaches 45°C or above. "Heatwave conditions are very likely to prevail over the next 24 hours and are expected to abate thereafter due to the possibility of light rain with thunderstorm activity over Delhi during May 28-30," an IMD official said, adding that temperatures may drop by 5-7°C after two days. The maximum is expected to fall to 35-37°C by Friday. A yellow alert has been issued for Thursday night and Friday for light rain, thunderstorms and gusty winds up to 60 kmph.



## After 10 failed attempts, Bihar student walks again with 3D-printed implant surgery

**New Delhi, Agency:** A 28-year-old student from Bihar, who almost lost hope of walking normally after a devastating road accident and 10 failed surgeries, has regained mobility after doctors at Sir Ganga Ram Hospital used a patient-specific 3D-printed hip implant in a rare and highly complex reconstruction surgery. Doctors said this is the first time the hospital has used a customised 3D-printed acetabular implant in a patient with chronic infection and massive hip bone loss after multiple surgeries. The patient, from Lalganj near Patna, was pursuing graduation in English and aspired to become a college faculty member in Hajipur when he met with a severe road accident in June 2024 near his college. Over the next nearly two years, he underwent 10 surgeries, including fracture fixation procedures, implant removals and repeated infection-cleaning operations. Despite prolonged antibiotic treatment, he continued to suffer from chronic infection, persistent pus discharge and extensive destruction of the hip joint, making reconstruction extremely difficult. Doctors said the young man was left with severe pain, instability and major bone loss around the hip, with conventional implants unlikely to work because of the damaged anatomy. A multidisciplinary team led by Dr Nipun Rana, consultant, joint replacement, planned the surgery in stages. Doctors first identified the infection using an advanced molecular diagnostic test called the BioFire Joint Infection Panel, which detects multiple pathogens from a single sample through genetic testing.

# 17-year-old Delhi boy shot in head after argument over 'staring', critical



**New Delhi, Agency:** A 17-year-old boy is battling for life after being shot in the head during a brazen attack at a market in southeast Delhi's Amar Colony on Tuesday night, police said.

According to a senior officer, the Class XII student was eating with a female friend when a group of youths brushed against his chair, and one of them stared at them, prompting an objection. The youths left, with one of them saying, "koi baat nahi" (never mind), but returned five minutes later and opened fire at close range. Police said it is still verifying whether the duo was accompanied by other friends.

Police suspect two associates may have accompanied the shooter and are probing their role. While the exact motive remains unclear, preliminary findings suggest the shooting was likely the result of a targeted personal dispute rather than a random act. According to investigators, one round was fired and that CCTV footage is being scanned to establish the sequence of events and trace the suspects' escape route. The injured teenager was rushed to AIIMS Trauma Centre and remains critical, while the girl escaped unhurt but is said to be in shock, police said.

A 17-year-old boy sustained bullet injuries after unidentified assailants opened fire at him following an altercation at an eatery in the Amar Colony area of Southeast Delhi. A PCR call regarding the firing incident was received at PS Amar Colony at around 7:54... pic.twitter.com/tbE4Omwmp S - ANI (@ANI) May 26, 2026

Eyewitnesses, however, reported hearing multiple gunshots, triggering panic in the crowded market. "We heard three to four gunshots, and suddenly everyone was screaming and running for cover," said a local vendor. "The boy collapsed instantly, bleeding heavily, while the gunman vanished into the crowd," he added. Senior officers reached the spot and cordoned off the area. A case of attempted murder has been registered, and multiple teams are searching for the gunman and his accomplices.

# NIA: Nov 10 bomber used fake identity to procure chemicals:





**New Delhi, Agency:** An NIA investigation into the Nov 10, 2025, car bomb blast near Red Fort that claimed 11 lives and left several others injured has revealed that the suicide bomber, Umar Un Nabi, was operating under the fake identity of Rahul Bhat to purchase chemicals and equipment to set up a makeshift bomb-making lab, sources said.

Operating from his flat near Al-Falah University in Faridabad, Umar used online and offline resources, including an e-commerce platform, to gather information and source highly specific equipment like a mixed metal oxide-coated titanium anode from a trader in Mumbai, the sources said. Umar was attempting to procure 10 more anodes before the module was busted by J&K Police, prompting him to abscond.

"Using electrolysis, Umar converted a common salt solution into explosive chlorates and perchlorates in his flat. Umar, who was driving the explosives-laden vehicle and was killed in the blast, had paid Rs 25,000 via PhonePe for the materials, which were couriered to him," said an investigator. The probe further revealed that he and co-accused Muzammil Shakeel had travelled to Ahmedabad to procure additional chemicals, and bomb making guides and radical jihadist literature were found on their phones.

# CNG to cost 83/kg in Delhi after fourth increase this month

**New Delhi, Agency:** Indraprastha Gas Limited (IGL) on Tuesday increased the price of CNG in Delhi and neighbouring NCR areas by Rs 2 per kg, effecting the fourth hike since May 15, due to higher input costs and losses linked to the West Asia crisis. Compressed natural gas (CNG) now costs Rs 83.09 per kg in the capital, up Rs 6 from Rs 77.09 per kg before May 15. The latest hike came a day after oil retailers raised petrol and diesel prices by over Rs 2 per litre across the country. Petrol and diesel prices have gone up by Rs 7.35 and Rs 7.53 per litre, respectively, since May 15.

IGL had raised the price by Rs 2 per kg on May 15, followed by Rs 1 per kg hikes on May 18 and May 23. CNG is now priced at Rs 91.7 per kg in Noida and Ghaziabad, Rs 91.58 per kg in Meerut, and Rs 88.12 per kg in Gurgaon.

Rising CNG prices have impacted freight and passenger fares in Delhi-NCR, where a majority of auto-rickshaws, taxis and goods carrier run on the cleaner fuel. Commuters complain that auto and taxi fares have already surged 10-15% in the last few weeks.

Like petrol and diesel, CNG prices vary across states due to different value added tax structures. Mahanagar Gas also increased the CNG price in Mumbai by Rs 2 to Rs 84 per kg.

There has, however, been no change in the rates of piped kitchen gas and domestic LPG cylinders. While PNG continues to be priced at Rs 49.59 per standard cubic metre in Delhi, a 14.2-kg domestic LPG cylinder is available at Rs 913.

# Operation Sindoor Fallout: Delhi Police Embeds Covert Counter-Terror Units in Every Police Station



**New Delhi, Agency:** Recognising the national capital's high vulnerability to an expanding arc of terrorism after Operation Sindoor, Delhi Police commissioner Satish Golchha has ordered the immediate creation of a hyper-local intelligence network by embedding a dedicated counter-terror unit (CTU) within every police station across the city.

The sweeping directive aims to establish a robust grassroots force multiplier for the Anti-Terrorism Squad (ATS). By positioning specialised operatives directly at the police station level, the top brass intends to leverage ground-level proximity to disrupt emerging threats, ranging from sleeper cells and radicalised youths to terror-gangster nexus.

According to the official order, the policy shift is driven by structural changes in how modern terror organisations operate. Delhi Police noted an alarming trend where handlers operating from untraceable foreign locations use secure internet platforms to train local recruits to fabricate weapons out of easily accessible materials.

"Intelligence indicates contemporary terror networks are increasingly relying on underground veteran suspects, funding via cover organisations like religious charities, and active brainwashing of youth aged 18-30 through social media," said an official. Security forces also highlighted shifting tactical targets, noting a specific push by adversarial networks to maximise international fallout by targeting foreign tourists, installations of friendly nations, and Israeli settlements and places of worship.

To combat this, each station house officer (SHO) will carve out a discrete, covert workspace for a CTU team, traditionally composed of one upper subordinate and two-three lower subordinates. Operating without any identifying nameplates or insignia to preserve strict operational secrecy, these units will function under the direct supervision of the local inspector, law and order. The mandate given to these ground-level units is detailed. CTU operatives are tasked with monitoring locations vulnerable to logistical exploitation, including cyber cafes, second-hand car dealerships, short-term rental properties and shops stocking chemicals that could serve as IED precursors.

Additionally, the units will run strict verification drives on transient guests, monitor overstaying foreign nationals, track radicalised individuals lacking formal organisational ties and watch suspicious jail visitors.

# Harmful mirchi tadka: 802kg fake spices found in Old Delhi




**New Delhi, Agency:** Police have seized 802 kg of counterfeit spices and condiments in Khari Baoli, the historic Old Delhi masala hub.

Police got a tip-off on Saturday about an illegal spice manufacturing unit operating from the ground floor of a house in the Naya Bans area of Khari Baoli. "Adulterated spices, artificial colours and raw materials used for preparing the fake spices were found on the premises," DCP (crime) Sanjeev Kumar Yadav said.

Police seized grinding machinery and a huge quantity of raw, non-edible adulterants, besides fake red chilli, turmeric and yellow chilli powders that were heavily mixed with coarse rice, pulverised chilli stalks, coriander stems and hazardous industrial dyes that mimicked the vibrant hues of the spices.

Police are probing how much of the fake spices has already reached the plates of unsuspecting consumers.

Acting on the tip-off, a raid was carried out on the Khari Baoli house, where police found a grinding and manufacturing setup allegedly for producing adulterated spices.

One person, identified as Kalamjeet (31), was arrested. He allegedly told police during questioning that he has prepared and supplied adulterated spices such as turmeric, red chilli, yellow chilli, coriander, amchoor and garam masala powders by mixing harmful adulterants. The fake spices were distributed across Delhi-NCR. Kamaljeet is a resident of Guru Nanak Dev Colony in Mukundpur.

Police said officials of the department of food safety, GNCTD, also collected samples for laboratory testing and for legal action under the food safety laws.